

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 226

ग्वालियर, गुरुवार, 7 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## रैगांव से पुष्पराज बागरी, जोबट से सुलोचना का नाम लगभग तय; खंडवा में पेच फंसा, इसलिए 4 नाम भेजे

# भाजपा आज कर सकती है उम्मीदवारों की घोषणा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक लोकसभा और तीन विधानसभा उपचुनाव के लिए 8 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। कांग्रेस ने चारों सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। आज भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा होने की उम्मीद है। प्रदेश संगठन ने मंगलवार को सहमति से नाम राष्ट्रीय नेतृत्व को भेज दिए थे। इसमें रैगांव से पुष्पराज बागरी और जोबट से सुलोचना रावत को टिकट देने की सिफारिश की गई है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि पृथ्वीपुर सीट से शिशुपाल सिंह यादव और गणेशीलाल नायक का नाम पैनल में भेजा गया है, जबकि खंडवा लोकसभा सीट पर दो नामों पर भी सहमति नहीं बन पाई। ऐसे में पैनल में ज्ञानेश्वर पाटिल, राजपाल सिंह तोमर, हर्ष सिंह चौहान और अर्चना चिटनीस का नाम दिया गया है, हालांकि प्रदेश संगठन इस सीट पर ओबीसी के उम्मीदवार को मैदान में उतारना चाहती है। बता दें कि कांग्रेस ने खंडवा लोकसभा सीट से राज नारायण सिंह, रैगांव से कल्पना वर्मा, जोबट से महेश पटेल और पृथ्वीपुर से पूर्व मंत्री बृजेंद्र सिंह राठौर का कोरोना से निधन होने के बाद अब उनके बेटे नितेंद्र सिंह राठौर को टिकट दिया है।



**खंडवा में फंसा पेंच:** खंडवा लोकसभा सीट पर उम्मीदवार तय करने को लेकर अब भी स्थिति साफ नहीं है। प्रदेश सगंठन ने चार नामों का पैनल दिल्ली भेजा है। दावेदारों की लिस्ट में सांसद नंदकुमार सिंह के बेटे हर्षवर्धन सिंह का नाम पहले नंबर पर है, लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बयान दे चुके हैं कि भाजपा परिवार या वंशवाद की पोषक नहीं है, यह सब कांग्रेस में चलता है। इससे पहले खंडवा और बुरहानपुर के दौरे पर आए भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी मुरलीधर राव कह चुके है कि भाजपा चौंकाने वाला उम्मीदवार उतारेगी, हालांकि नंदकुमार सिंह के करीबी राजपालसिंह तोमर (देशगांव) के नाम पर भी भोपाल व दिल्ली में मंथन हो चुका है।

**जोबट से सुलोचना लगभग तय:** कांग्रेस से तीन बार विधायक रही सुलोचना रावत और उनके पुत्र विशाल रावत ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। करीब 50 साल से रावत परिवार कांग्रेस संगठन के लिए काम कर रहा था, लेकिन जब उपचुनाव में टिकट की दौड़ में शामिल विशाल बाहर हुए तो उन्होंने भाजपा जॉइन कर ली। सुलोचना रावत 1996, 1998 और 2008 में विधायक रह चुकी है। 1998 में दिग्विजय सरकार में वे नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री भी रही, जबकि उनके बेटे विशाल रावत ने 2013 में कांग्रेस से चुनाव लड़ा था। 2018 में टिकट नहीं मिलने पर वे निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे, लेकिन दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

**रैगांव से पुष्पराज पर एक बार फिर भरोसा:** भाजपा के प्रदेश संगठन ने रैगांव सीट से पुष्पराज बागरी का नाम दिल्ली भेजा है। पोस्ट ग्रैजुएट 45 साल के पुष्पराज सतना जिला पंचायत के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें रैगांव उपचुनाव में भाजपा से टिकट का सबसे बड़ा दावेदार पहले से ही माना जा रहा था। उनकी दावेदारी को उनके परिवार के अंदर से ही चुनौती मिल रही थी, उनके छोटे भाई देवराज बागरी और अनुज वधु वंदना देवराज बागरी ने भी अपने पिता जुगुल किशोर की राजनैतिक विरासत पर दावा ठोंक रखा था, लेकिन पार्टी ने अंततः पुष्पराज के नाम पर मुहर लगा दी।

**पृथ्वीपुर में शिशुपाल या गणेशीलाल:** पृथ्वीपुर सीट पर उम्मीदवार के लिए एक नाम पर प्रदेश स्तर पर सहमित नहीं बन पाई है। यहां से समाजवादी पार्टी से भाजपा में आए शिशुपाल सिंह यादव और जिला उपाध्यक्ष गणेशीलाल नायक के नाम दिल्ली भेजे गए हैं। शिशुपाल यादव 2018 में समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़े थे और 44816 वोट पाकर दूसरे स्थान पर आए थे। वहीं भाजपा चौथे स्थान रही थी।

## खास खबर

### लखीमपुर खीरी तक मार्च करेंगे नवजोत सिंह सिद्धू



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के लखमीपुर खीरी में हिंसा और किसानों की मौत के मुद्दे का इस्तेमाल कांग्रेस पार्टी पंजाब चुनाव में भी करने में जुट गई है। पंजाब कांग्रेस ने गुरुवार से मोहाली से लखीमपुर खीरी तक मार्च का ऐलान किया है, जिसकी अगुआई नवजोत सिंह सिद्धू करेंगे, जिन्होंने पिछले दिनों चन्नी सरकार में अपनी दखल नहीं स्वीकार किए जाने से नाराज होकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। पंजाब कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि नवजोत सिंह सिद्धू इस पैद मार्च की अगुआई करेंगे, जो मौहाली से गुरुवार को शुरू होगी और लखीमपुर खीरी तक जाएगी। इससे पहले मंगलवार को सिद्धू ने चेतावनी दी थी कि यदि प्रियंका गांधी को रिहा नहीं किया जाता और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे की गिरफ्तारी नहीं होगी तो प्रदेश ईकाई लखीमपुर खीरी तक मार्च करेगी। लखीमपुर हिंसा को लेकर पहले भी प्रदर्शन कर चुके सिद्धू ने उत्तर प्रदेश सरकार को मांगों को मानने के लिए बुधवार तक का समय दिया था। प्रियंका गांधी को तो सीतापुर गेस्ट हाउस से रिहा कर दिया गया है, लेकिन केंद्रीय मंत्री के बेटे की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ऐसे में सिद्धू अब मार्च निकालने को तैयार हैं।

### उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू का ग्वालियर दौरा रद्द

**भोपाल।** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की 12 अक्टूबर को ग्वालियर की प्रस्तावित यात्रा रद्द हो गई है। वे शहर में निजी विश्वविद्यालय एवं प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे थे। दरअसल प्रदेश के कई जिलों में उपचुनाव हो रहे हैं। जिसके चलते आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उप राष्ट्रपति नायडू के ग्वालियर दौरा निरस्त होने का कारण आचार संहिता लागू होना बताया जा रहा है। हालांकि ग्वालियर जिले में आचार संहिता लागू नहीं है। गौरतलब है कि उप राष्ट्रपति के आगमन की सूचना मिलने के बाद निजी विश्वविद्यालय एवं प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी थीं। प्रशासन के कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति के अलावा राज्यपाल, सीएम एवं अन्य अतिथि भी थे, लेकिन निजी यूनिवर्सिटी का कार्यक्रम जरूर प्रभावित हो सकता है।

### नए मुकाम की दहलीज पर मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे रईस कारोबारी मुकेश अंबानी किसी भी वक्त 100 बिलियन डॉलर क्लब के अरबपतियों की सूची में शामिल हो सकते हैं। बीते कारोबारी दिन के अपडेट के मुताबिक ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स पर मुकेश अंबानी की दौलत 99.1 बिलियन डॉलर हो गई है। मुकेश अंबानी दुनिया के 11वें सबसे अमीर अरबपति बने हुए हैं। मुकेश अंबानी से आगे जितने भी अरबपति हैं वो सभी 100 बिलियन डॉलर क्लब में शामिल हैं। दौलत के मामले में अंबानी के सबसे करीब अमेरिकी निवेशक वॉरेन बफे हैं। इसके बाद स्टीव वॉल्मर, लैरी एलिसन, सर्जे ब्रिन, लैरी पेज, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, बर्नाड अर्नाल्ट, जेफ बेजोस और एलन मस्क का नंबर आता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को कंपनी के शेयर भाव में रिकॉर्ड बढ़ोतरी का फायदा मिला है। इस वजह से बीते कारोबारी दिन में मुकेश अंबानी की दौलत 2.03 बिलियन डॉलर बढ़ गई। दरअसल, 6 सितंबर यानी बुधवार के दिन रिलायंस का शेयर भाव 2,623 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया।

## मप्र में रसोई गैस की कीमत 15 रुपए बढ़ी



- 10 महीने में 205 रुपए बढ़े
- भोपाल में 905 रुपए में मिलेगा, ग्वालियर, भिंड-मुरैना में सबसे महंगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर के रेट एक बार फिर बढ़ गए हैं। करीब 15 रुपए प्रति सिलेंडर के रेट बढ़े हैं। भोपाल में एक सिलेंडर की कीमत अब 890 की जगह 905 रुपए चुकाना पड़ेगी। इस साल 10 महीने में सिलेंडर 205 रुपए तक महंगा हुआ है, जबकि सिर्फ एक बार ही अप्रैल में 10 रुपए घटाए गए थे। जनवरी में 700 रुपए में सिलेंडर मिल रहा था। ग्वालियर, भिंड-मुरैना में सिलेंडर सबसे महंगा हो गया है। यहां अब एक सिलेंडर 983 रुपए में मिलेगा, हालांकि रेट 15 रुपए से ज्यादा हो भी हो सकते हैं, क्योंकि दूरी के हिसाब से रेट में अंतर आता है। ऐसे में कई जिलों में 20 से 25 रुपए तक रेट हो सकते हैं। फेस्टिवल सीजन शुरू होने के ठीक पहले यह महंगाई का बड़ा झटका माना जा रहा है। 7 अक्टूबर से त्योहार शुरू हो जाएंगे। दीपावली के बार शुभ मुहूर्त में शादियां भी होंगी। सिलेंडर के रेट बढने् से त्योहारों के साथ शादियों पर असर पड़ेगा, क्योंकि पिछले साल दीपावली पर सिलेंडर की कीमत करीब 600 रुपए थी।

**कई जिलों में 15 रुपए से ज्यादा हो सकते हैं रेट:** आम तौर पर रेट महीने की पहली तारीख को बढ़ते हैं पर 6 अक्टूबर की सुबह अचानक कीमत बढ़ा दी गई। इससे गैस एजेंसी संचालक भी हैरान हैं। इससे पहले 17 अगस्त को भी अचानक कीमत बढ़ा दी गई थीं। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि कुछ जिलों में 15 रुपए से ज्यादा की वृद्धि की गई है, क्योंकि दूरी के हिसाब से भी सिलेंडर के रेट कम-ज्यादा होते हैं।

**5 बार बढ़े, एक बार घटे रेट:** इस साल भोपाल में सिलेंडर के रेट 5 बार बढ़े, लेकिन घटे सिर्फ एक बार। सबसे बड़ा इजाफा फरवरी में 75 रुपए हुआ था। इसके बाद मार्च में 50 रुपए, जुलाई, अगस्त-सितंबर में 25-25 रुपए और अक्टूबर में 15 रुपए बढ़े। वहीं, अप्रैल में 10 रुपए घटाए गए थे। जनवरी, मई और जून में ही सिलेंडर के रेट न तो बढ़े थे और न ही घटे थे। इस हिसाब से 10 महीने में ही सिलेंडर 205 रुपए तक महंगा हुआ है।

## मंत्री श्री सारंग ने किया ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण



### कमला नेहरू चिकित्सालय में 500 लीटर प्रति मिनिट का ऑक्सीजन प्लांट स्थापित

**भोपाल।** भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में एरोक्स मेटऑक्स 500 लीटर प्रति मिनिट (एल.पी.एम.) पी.एस.ए. ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल कोरोना काल वाले विचार मंथन के थे। उस समय समझ में आया कि ज़िंदगी का कोई भरोसा नहीं है। इस नकारात्मक विचारों से लोग सकारात्मक हुए और उन्होंने अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में से समय निकालकर दूसरों के लिए सेवाभाव से काम किया। समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने सामने आकर निस्वार्थ जरूरतमंदों की सेवा की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इस भयावह स्थिति से निपटने के लिये सभी ने टीम भावना से काम किया। समाज का हर व्यक्ति सरकार के साथ मिलकर कदम से कदम मिलाकर चला। उन्होंने कहा कि इस दौर में ऑक्सीजन की आपूर्ति निर्बाध रखने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निरंतर निगरानी कर व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखते रहे। यह ऑक्सीजन प्लांट वातावरण से ऑक्सीजन लेकर प्रति मिनट 500 लीटर की क्षमता से मेडिकल ऑक्सीजन का उत्पादन करता है। इस ऑक्सीजन प्लांट से 100 ऑक्सीजन बेड या 25 आई.सी.यू. बेड संबद्ध किये जा सकते है। यह ऑक्सीजन प्लांट वातावरण से हवा लेकर जो ऑक्सीजन तैयार कर प्रदाय करता है, वह लगभग 100 प्रतिशत शुद्ध होती है। ऑक्सीजन प्लांट को निरंतर चलायमान स्थिति में रखने के लिए नियमित विद्युत प्रदाय व्यवस्था से संबद्ध किया गया है। नियमित विद्युत प्रदाय आपूर्ति बाधित न हो।









# दबंगों ने ट्रैक्टर चलाकर उजाड़ी किसान की फसल, पीड़ित पक्ष पहुंचा थाने



**शिवपुरी।** जिले के भानगढ़ में कुछ दबंगों ने एक गरीब किसान की फसल को ट्रेक्टर चलाकर पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। उक्त बात का जब किसान ने विरोध किया तो दबंगों ने उसे मारपीट करने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी भी कथित तौर पर दे डाली। पीडित किसान अपनी फरियाद लेकर सुभाषपुरा थाने पहुंचा जहां थाना प्रभारी ने आवेदन ले लिया और यह कहकर पीड़ति को थाने से रवाना कर दिया कि यह राजस्व का मामला है हम इसमें कुछ नहीं कर सकते।

जानकारी के अनुसार विगत दिवस शिवपुरी के भानगढ़ में एक जमीन पर खड़ी हुई फसल पर दबंग द्वारा ट्रैक्टर चलाने को लेकर विवाद हो गया। मामले में जिस किसान की जमीन पर दबंग ने ट्रैक्टर चलाया था उसकी शिकायत लेकर पीड़ित पक्ष सुभाषपुरा थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंचा। फरियादी राजेश धाकड़, रामबरत धाकड़, ब्रजमोहन और मायाराम ने थाना सुभाषपुरा में दी शिकायत में कहा है कि उनकी जमीन भानगढ़ में गिट्टी क्रेशर के पास सर्वे नंबर 850 रकेवा 0.55 हेक्टेयर है जबकि राम भरत धाकड़ पुत्र गिरवर धाकड़ उम्र 50 वर्ष निवासी भानगढ़ की जमीन भी पास ही में सर्वे नंबर 851/1 रकवा 0.63 पर है इसी तरह ब्रजमोहन और मायाराम की जमीन भी साथ ही लगी हुई है जबकि हम चारों की लगभग 7-8 बीघा जमीन जिस पर मूंगफली और उड़द की फसल खड़ी हुई थी उसे 5 अक्टूबर को मोहना ग्वालियर के निवासी लाखन पुत्र मुन्ना धाकड़ तथा नीरज पुत्र मुन्ना धाकड़ और विजय पुत्र सवाराम धाकड़ तथा रामबरन पुत्र बनवारी लाल धाकड़ ने खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाकर जताई करके नष्ट कर दिया। फरियादी पक्ष ने थाना सुभाषपुरा में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## 2 नग भेड़ों की लूट को पुलिस चोरी बता रही है, पाल बघेल समाज ने सौंपा ज्ञापन

**शिवपुरी/करैरा।** अनुविभाग के ग्राम सलैया में सिरनाम पुत्र वंशी बघेल की 72 नग भेड़ों की लूट के मामले में आज अखिल भारतीय पाल बघेल महासभा करैरा ने इंजी.गोपाल पाल दद्दा के नेतृत्व में पुलिस एसडीओपी को ज्ञापन सौंप मामले में लूट की धारायें बढ़ाने तथा भेड़ चोरों की जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की जिससे भेड़ पालक सिरनाम बघेल को उसकी भेडें वापस मिले सके। इस ज्ञापन से पहले समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें इंजी.गोपाल पाल ने बताया कि समाज के लोगों के साथ पूर्व में भी इस तरह की घटनायें सामने आ चुकी हैं, मगर पुलिस प्रशासन कोई



सुनवाई नहीं कर रहा है, यदि ऐसा ही रहा तो जनता पुलिस के प्रति विश्वास कैसे करेगी। पिछले दिनों 3 अक्टूबर को दोपहर करीब 1 बजे सिरनाम पाल पुत्र बंसी बघेल अपनी भेड़ बकरियों को राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जंगल में चरा रहा था तो तभी उसी समय बदमाश आए तो चरवाहे को पीटकर बेहोश कर भेड़ों को भरकर ले गऐ जब आधा घंटा बाद उसको होश आया तो तुरंत वह अमोला थाना पर आया और उसने अपनी शिकायत लिखाई मगर उसकी रिपोर्ट बताए अनुसार नहीं लिखी। अखिल भारतीय पाल महासभा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि यदि 7 दिवस के अंदर सिरनाम पाल की भेड़े नहीं मिलती है तो अखिल भारतीय पाल महासभा उग्र आंदोलन करेगी और अपने समाज को न्याय दिलाने के लिए ताकत लगाएगी। ज्ञापन सौंपते समय इंजी.गोपाल पाल के अलावा प्राण सिंह पाल दिनारा, महेंद्र सिंह बघेल ब्लॉक अध्यक्ष, राजेंद्र बघेल ब्लॉक उपाध्यक्ष कांग्रेस, शिव कुमार पाल सेक्टर अध्यक्ष दिनारा, गजेंद्र बघेल, कृष्णपाल बघेल, राजेंद्र बघेल आदि सैकड़ों की संख्या में अखिल भारतीय पाल महासभा के सदस्य एवं कार्यकर्ता एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

## माधव राष्ट्रीय उद्यान के संवर्धन हेतु केंद्र सरकार शीघ्र कदम उठाएगी - यादव

### केन्द्रीय मंत्री से सांसद ने की सौजन्य भेंट, मिला आश्वासन

**शिवपुरी।** शिवपुरी स्थित माधव राष्ट्रीय उद्यान में विलुप्त होते वन्यजीव एवं वन्य संपदा पर चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों की मांग पर शिवपुरी.गुना क्षेत्रीय सांसद डॉ.के.पी.यादव केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मिले। सांसद डॉ.यादव ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष वन्य जीवों एवं दुर्लभ वन्य सम्पदा के संरक्षण के हेतु माधव राष्ट्रीय उद्यान को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कभी राष्ट्रीय उद्यान में वन एवं वन्य प्राणियों का बाहुल्य था।



कभी यहां सफेद बाघ भी पाए जाते थेए परंतु देखरेख व उपयुक्त सुविधा उपलब्ध न होने के कारण विभिन्न प्रजाति के वृक्ष व वन्यजीव विलुप्त हो रहे हैं एवं पर्यटकों की संख्या में भी कमी आ रही है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्वयं सांसद डॉ.के.पी.यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा लोकसभा में उठाए गए माधव राष्ट्रीय उद्यान के मुद्दे एवं उनके द्वारा प्रेषित पत्रों पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जाकर अग्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही शिवपुरी वासियों के लिए माधव राष्ट्रीय वन उद्यान में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे पर्यटन के क्षेत्र में भी प्रगति होगी व स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर भी ब?ेंग

## ड्राइवर की लापरवाही से पलटा ट्रैक्टर दो दर्जन से अधिक मजदूर घायल

**शिवपुरी/पोहरी।** जिले के बमरा गांव के पास बुधवार सुबह फसल काटने जा रहे मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर पलटने से ट्राली में सवार करीब दो दर्जन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए पोहरी स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां से गंभीर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रैफर कर दिया है। घायलों ने बताया कि यह हादसा हादसा ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ है। परासरी गांव के निवासी मजदूर एक ट्रैक्टर.ट्राली से बमरा गांव जा रहे थे। बमरा से थो?ी दूरी पर ही ड्राइवर ट्रैक्टर को लहराना शुरू कर दिया।

## जयंती महोत्सव : जब मॉ दुर्गा द्वारा किया गया महिषासुर का वध

### रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों नें बिखेरी अपना छटा, निकलेगी प्रभातफेरी व चल समारोह



**शिवपुरी।** एकाएक जब मॉ दुर्गा के हाथों महिषासुर राक्ष का वध होता है तो पूरे मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला के प्रांगण में मॉ दुर्गा के जय-जयकार लगने शुरू हो जाते है यह दृश्य देखने को मिला स्थानीय मध्यदेशीय अगव्राल धर्मशाला में जहां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत मनाए जा रहे रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाज के बच्चों ने यह रोचक प्रस्तुति दी तो पूरे प्रांगण में मॉ के जयकारे लगने लगे। यहां इस रोचकपूर्ण प्रस्तुति देने वाले बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें पुरूस्कृत भी किया गया। साथ ही मॉ दुर्गा के द्वारा महिषासुर का वध करते हुए उपस्थितजनों के द्वारा यहां मॉ से प्रार्थना की गई कि देवी मॉ विश्व को इस वैश्विक महामारी कोरोना से मुक्ति दिलाये और सभी अग्रवन्धुओ ने सभी देविओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं यह प्रस्तुति डॉ रूचि गर्ग और भूमि गोयल के द्वारा तैयार कराई गई जिन्हें पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यहां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रधान संयोजक राकेश गर्ग टिल्लू सहित मध्यदेशीय अग्रवाल समाज कार्यकारिणी पदाधिकारियों में समाज अध्यक्ष गौरव सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती निशा गुप्ता, उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम गोयल, महिला महामंत्री श्रीमती रेणु सिंघल, सह मंत्री श्रीमती रेणु अग्रवाल, सहमंत्री शुभम गर्ग मामा, प्रचार मंत्री विकास गोयल आदि सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। अग्रसेन जयंती महोत्स्व को सफल बनाने के लिए प्रधान संयोजक राकेश गर्ग (टिल्लू) के साथ प्रांशुल अग्रवाल संयोजक, अजय गुप्ता (बैराड वाले) संयोजक, मथुरा प्रसाद गुप्ता वित्त संयोजक, महिला संयोजक श्रीमती तनुजा गर्ग, श्रीमती वर्षा सिंघल, श्रीमती निधि गर्ग, पदम जैन, सुधीर अग्रवाल, चल मयंक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, कृष्ण गोपाल गुप्ता, संयोजक प्रदीप गोयल (राजगढ़ वाले), श्रीमती संगम अग्रवाल, डॉक्टर समर्थ गुप्ता, अमित गोयल शामिल रहे जिन्होंने आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया।

**आज मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती, निकलेगी प्रभातफेरी व चल समारोह:** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रधान संयोजक राकेश गर्ग टिल्लू ने बताया कि आज 7 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती मनाइ जाएगी जिसकी शुरूआत प्रात- 7 बजे से स्थानीय मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला से नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी और दोपहर 2 बजे से समाज का महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर चल समारोह निकाला जाएगा जो शहर के अस्पताल चौराहा अग्रसेन चौक से शुरू होकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए समापन मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला पर होगा।

## लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ द्वारा सेवा सप्ताहकल्याण के तहत बच्चों ने पीस पोस्टर से दिया शांति का संदेश

### प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी दीक्षित ने जबकि द्वितीय पर रहे रिषि जैन व तमन्ना धाकड़ ने पाया तीसरा स्थान



**शिवपुरी।** समाजसेवा के साथ-साथ बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए समाजसेवी संस्था लायन्स क्लब ऑफ शिवपुरी साउथ के द्वारा %कल्याणम्' विषय पर आधारित सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बच्चों के लिए पीस पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा के माध्यम से शांति का संदेश दिया। पीस पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम के संयोजक ला.पवन-श्रीमती आरती शर्मा, संदीप-श्रीमती पूजा वर्मा, पी.डी.-श्रीमती शोभा सिंघल व राजेन्द्र शिवहरे रहे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए लायन्स क्लब ऑफ शिवपुरी साउथ के अध्यक्ष राकेश जैन (प्रेमस्वीट्स), सचिव हेमंत नागपाल, कोषाध्यक्ष कृष्णमोहन अग्रवाल ने बताया कि समाजसेवी संस्था लायन्स क्लब ऑफ शिवपुरी साउथ के द्वारा डिस्ट्रीक्ट गर्वनर ला.सुनील गोयल के निर्देशन में सेवा सप्ताह कल्याणम्' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था के द्वारा सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम संयोजक ला.पवन शर्मा के विद्यालय गीता पब्लिक स्कूल में किया गया। यहां बच्चों को सर्वप्रथम पीस पोस्टर प्रतियोगिता के बारे में ला.रविन्द्र गोयल के द्वारा समझाईश दी गई तो वहीं संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों को प्रतियोगिता के प्रति मोटिवेट भी किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के करीब 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। यहां अपनी कला के माध्यम से विश्व में शांति का संदेश देते हुए बच्चों ने अपनी प्रतिभा को कोरे कागज पर उकेरा और एक से बढ़कर एक आकर्षक चित्र बनाकर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। पीस पोस्टर प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों की घोषणा भी मंच से लायन्स क्लब साउथ अध्यक्ष राकेश जैन (प्रेमस्वीट्स), सचिव हेमंत नागपाल, कोषाध्यक्ष कृष्णमोहन अग्रवाल द्वारा की गई जिसमें विजयी प्रतिभागियों में उन्नति पहारिया कक्षा 7, मोनिका मौर्य कक्षा 9, अल्पना रावत कक्षा 9, कक्षा 10 से भूमिका धाकड़, मोहिनी बंसल, कशिश कुबैर, पलक रघुवंशी, सरवन रावत, सौम्या झा, अर्श यादव, कक्षा 7 से आस्था गुप्ता, आशिका नामदेव, अलफिजा मिर्जा, रोहित टेडिय़ा, शिवकांत जाटव, उमेश राठौर, कक्षा 8 से अजय धाकड़ व झलक मांझी शामिल हुए जबकि इन प्रतिभागियों में प्रथम स्थान सलोनी दीक्षित, द्वितीय स्थान रिषि जैन व तरक नामदेव एवं तृतीय स्थान तमन्ना धाकड़ ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन पर विद्यालय संचालक पवन शर्मा का आभार लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ के संयोजक संदीप वर्मा के द्वारा व्यक्त किया गया।

**आज ग्रामीण क्षेत्र का दौर कर चलाया स्वच्छता अभियान:** लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह %कल्याणम्' के तहत सप्ताह भर विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सेवा सप्ताह कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र-श्रीमती सुधा गोयल, सौरभ-श्रीमती सोनाली सांखला होंगें। इस दौरान सेवा सप्ताह के तहत अब आज 7 अक्टूबर विजिट इन अ विलेज क्लीनलीनेश ड्राईव एवं 8 अक्टूबर क्लब फैलोशिप एण्ड पुलिस पर्सनल फैलिसिटेशन कार्यक्रम होगा।

## प्रियंका गांधी बाड्रा को रोकना डरी हुई योगी सरकार की कायराना हरकत, इसलिए पहन लें चूडिय़ा: इंदु जैन



**शिवपुरी।** उप्र के लखीमपुर की घटना में बेगुनाह किसानों को उत्तरप्रदेश के लखीमपुर में बीती 3 अक्टूबर रविवार को गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के पुत्र द्वारा बेदर्दी से कुचले जाने पर आठ किसानों की मौत हो गयी थी, वहीं जब इस मामले को लेकर श्रीमती प्रियंका गांधी बाड्रा द्वारा किसानों से मिलने गई तो उन्हें पीड़ित परिजनों से मिलने नहीं दिया गया और अभद्रता करते हुए गिरफ्तार तक किया गया, इस तरह एक जनप्रिय जनप्रतिनिधि श्रीमती गांधी को रोकना यह सिर्फ डरी हुई उप्र की कायराना भाजपा सरकार ही कर सकती है इसलिए इन्हें अब चूडिय़ां पहन लेना चाहिए जो महिला कांग्रेस के द्वारा कोरियर के द्वारा भेजी जा रही है। यह कहना है कि महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुश्री इंदु जैन का जिन्होंने अपना रोष उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निकाला जिन्होंने एक जनप्रतिनिधि के साथ अभ्रदता करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की तो वहीं दूसरी ओर मृतक किसानों के जबाबदेह हमलावरों को भी अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया। इस घटना के विरोध में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुश्री इंदु जैन ने विरोध प्रदर्शन करते हुए शिवपुरी स्थित डाकघर पहुंचकर चूडिय़ों के पैकेट कोरियर के माध्यम से उप्र सरकार के मुख्यमंत्री को भेजी है। यहां इस विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की ओर से श्रीमती रूपाली खण्डेलवाल, राजकुमारी जाटव, शिल्पी राठौर, राजकुमारी खान व ज्योति धाकड़ मौजूद रहीं।

## लीनेश क्लब शिवपुरी सेंट्रल सेवा सप्ताह के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में दिया योगदान

**शिवपुरी।** राष्टपिता महात्मा गांधी ने सदैव सेवा का संदेश दिया है और इस सेवा के संदेश को ग्रहण कर बापू के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया समाजसेवी संस्था लीनेस क्लब शिवपुरी ने जहां संस्था की अध्यक्षा श्रीमती मीना अग्रवाल व सचिव श्रीमती रूचि अग्रवाल के निर्देशन में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई और सभी लीनेस क्लब की महिला पदाधिकारी व सदस्यों ने मिलकर स्थानीय गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही सेवा कार्य करते हुए लीनेस क्लब के द्वारा स्थानीय गायत्री पार्क परिसर पहुंचकर यहां आयोजित महिला सशक्तिकरण में भी अपना योगदान देते हुए सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर लीनेस क्लब की डॉक्टर कल्पना बंसलए पारुल बंसल के नेतृत्व में 100 से 125 ग्राम में निवासरत परिजनों को यहां संस्था सदस्यों के द्वारा फलए मिठाई एवं भोजन वितरण किया गया।

## नाम निर्देशन.पत्र के साथ अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ-पत्र के संबंध में आवश्यक निर्देश

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषद में स्थानों को भरने के निर्वाचन में नाम निर्देशन-पत्र के साथ अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ-पत्र के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है।जारी निर्देशों के तहत नगर पालिका निगमए नगर पालिका परिषद तथा नगर परिषद के पार्षद पद का प्रत्येक अभ्यर्थी अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ एक शपथ.पत्र प्रस्तुत करेगा जिसमें उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि, आस्तियों, दायित्वों, शैक्षणिक योग्यताओं आदि की जानकारी दी जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा शपथ-पत्र का प्रत्येक कॉलम भरा जाएगा। यदि किसी कॉलम की जानकारी निरंक है तो उस कॉलम में निरंक शब्द अंकित किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर को यह जांच करनी होगी कि नामांकन पत्र के साथ दाखिल करते समय शपथ.पत्र के सभी कॉलम भरे गए है या नहीं, यदि नहीं तो रिटर्निंग ऑफिसर अभ्यर्थी को रिक्त कॉलम भरने के लिए स्मरण करायेंगे। अभ्यर्थी द्वारा किसी भी कॉलम को रिक्त नहीं छो?ा जाना चाहिए। स्मरण कराने के पश्चात भी यदि कोई अभ्यर्थी किसी भी कॉलम को भरने में असफल होता है तो नामांकन पत्र की जांच अथवा संवीक्षा के समय रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नामांकन पत्र खारिज किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा शपथ.पत्र की एक प्रति रिटर्निंग ऑफिसर के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी और मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित की जायेगी तथा जरूरत पडऩे पर आयोग भी प्रतियां जिला निर्वाचन अधिकारी से ले सकेगा। किसी निर्वाचक द्वारा मांग किए जाने पर शपथ.पत्र की प्रमाणित प्रति दो रूपया प्रति पृष्ठ के मूल्य पर प्रदाय की जाएगी। यदि कोई निर्वाचक किसी अभ्यर्थी के शपथ पत्र में दी गई जानकारी के विरूद्ध शपथ.पत्र प्रस्तुत करता है तो उसकी प्रति भी रिटर्निंग ऑफिसर के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी।

## कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश



**शिवपुरी।** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बुधवार को समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। बैठक में नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। बैठक में अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला सहित समस्त राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि निराकृत प्रकरणों को पोर्टल पर अपलोड किया जाए। नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का समय.सीमा में निराकरण किया जाये। सभी राजस्व अधिकारी प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विशेष ध्यान दें। बिना कारणवश कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। पीठासीन अधिकारी सीमांकन के लंबित प्रकरणों का समय.सीमा में निराकरण करायें। उन्होंने बंटवारा, नामांतरण के 6 माह से पूर्व लंबित प्रकरणों निराकरण कर उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले चलाई जा रही अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध मुहिम को जारी रखा जाए। शिविर लगाकर बंटवारा, फौती नामांतरण, भूमि नाम सुधार के प्रकरणों का निराकरण किया जाए। भू अर्जन के प्रकरणों की बसूली की कार्यवाही की जाए। ऐसे राजस्व प्रकरण जो न्यायालय में लंबित चल रहे है और निराकरण योग्य हैए उनका निराकरण तुरंत किया जाए।

## अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी.पंडाल की सज्जा करें

शिवपुरी। दुर्गोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दुर्गोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झॉकियों में बिजली साज.सज्जाए नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। अस्थाई कनेक्शन लेने के लिये कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए ऑनलाइन आवेदन करें। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शा, अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडालध्झॉकी के सामने लगाएं। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज.सज्जा के लिए न करें। विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन हेतु लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज.सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें।

### इन स्थानों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 केव्ही कमलागंज एवं 33 केव्ही भैंसाना फीडर पर 07 अक्टूबर को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 11 केव्ही कमलागंज फीडर के बंद रहने से प्रात- 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक बैंक कॉलोनी, बाबू क्वाटर, नवग्रह मंदिर, कमालगंज, न्यू द्वारिकापुरी, नमोनगर, ग्वालियर बायपास एवं आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार 33 केव्ही भैंसाना फीडर के बंद रहने से प्रात- 10 बजे से शाम 5 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र भैंसाना एवं झिरी से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# खाद के लिए किसान कर रहे रतजगा

## किसान खाद के लिए रात में लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं

**भिण्ड।** जिले में यूरिया खाद के लिए किसान बेचैन हैं। जहां खाद उपलब्ध है वहां केन्द्रों पर किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं। दो-चार बोरी खाद के लिए किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को विवश हैं। स्थिति यह है कि किसान खाद के लिए कभी कभी रात में लाईन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



जिले की 90 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। चाहे किसान हो या मजदूर, कृषि को आमदनी का मुख्य जरिया मानते हैं। जिले में धान की फसल अच्छी होती है। इस कारण किसान इस फसल को लेकर जागरूक रहते हैं। इस वर्ष अच्छी बारिश हुई और समय से खेतों में धान की रोपनी की गई। लेकिन, अभी स्थिति यह है कि यूरिया खाद नहीं मिल रही। इस कारण किसान आक्रोशित हैं। उनका आक्रोश दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बाजार में यूरिया की किल्लत ने किसानों की नींद उड़ा दी है। किसान खाद के लिए रतजगा कर रहे हैं। इसके बावजूद भी खाली हाथ मायूस होकर वापस घर लौट जाते हैं। किसानों को कृषि विभाग से सही जानकारी नहीं मिल रही है, इस कारण उनकी बेचैनी बढ़ गई है।

### ब्लैक में बिकना शुरू हो गई खाद

सरसों की बोआई शुरू हो चुकी है और आलू के लिए भी खेत तैयार होने लगे हैं, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। वे डीएपी (डाई) ब्लैक में खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। खाद विक्रेता स्टाक खत्म बताकर मनचाहे दाम ले रहे हैं। हर बोरी पर 50 से 200 रुपये तक की वसूली की जा रही है।

रबी की फसलों की बोआई का समय आ गया है। ऐसे समय किसानों को डीएपी और एनपीके खाद की जरूरत पड़ती है। इसके बाद भी कृषि विभाग समय रहते खाद की व्यवस्था नहीं करा सका। निजी क्षेत्र की दुकानों पर या तो खाद है ही नहीं या दुकानदार स्टाक खत्म बताकर किसानों को ब्लैक में खाद बेची जा रही है।

## एप्को द्वारा प्रतिष्ठित सप्ताह का उत्सव कार्यक्रम 10 अक्टूबर तक

एप्को द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव में 4 से 10 अक्टूबर तक प्रतिष्ठित सप्ताह का उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रदेश स्तरीय ईको क्लब विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक और आम लोगों के लिए पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं। मंगलवार को शासकीय आवासीय कन्या संस्कृत विद्यालय और शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसी नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर व्याख्यान, रैली और हरित शपथ का आयोजन किया गया। लगभग 150 विद्यार्थी और शिक्षकों को पर्यावरण शिक्षा अधिकारी दिलीप चक्रवर्ती ने तीन आर-रिड्यूज, रियूज और रिसाइकिल के बारे में बताया।

**वन्य-जीवों पर प्लास्टिक का दुष्प्रभाव**

कार्यक्रम के पहले दिन शिसंगल यूज प्लास्टिक का वन्य-जीवों पर प्रभावश् पर आयोजित वेबिनार में डॉ. सुदेश वाघमारे ने वन्य-जीवों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के सम्पर्क में आने वाले वन्य-जीवों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी।

# आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की मीटिंग, एसडीएम सभागार में संपन्न

**मेहगांव।** नवदुर्गा दसहरा एंव ईदमिलादुन्नबी आगामी त्योहारों के चलते शांति समिति की मीटिंग का आयोजन आज एसडीएम कार्यालय के सभागार मे संपन्न हुई। जिसमे विवेक के.वी.एसडीएम, राजेश सिंह राठौर एसडीओपी, आर.एन. खरे तहसीलदार, डी.बी.एस. तोमर थाना प्रभारी, योगेंद्र सिंह तोमर नगर पंचायत सीएमओ, नगर के गणमान्य नागरिक एंव पत्रकार गण उपस्थित रहे। एसडीएम व एसडीओ पी द्वारा आगामी त्योहारों को लेकर नगर एंव क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों मे नवदुर्गा दसहरा पूजन पर दुर्गा पूजा पंडाल लगाने पर बिस्त्रत जानकारी देते हुऐ बताया कि जिन श्रद्धालुओं व्दारा दुर्गा पूजन के लिए पंडाल लगाकर नो दिन कार्यक्रम संपन्न किये जाने संबंधित सभी को संपूर्ण जानकारी संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारी को बिधिबत लिखित रुप मे प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिसमे दुर्गा पूजन के प्रथम पूजन से लेकर बिसर्जन तक आवश्यक शासन की गाइड लाइन के तहत कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर पालन करना होगा। शासन की मंशानुरूप गाइड लाइन का पालन न करने की दशा मे संबधित के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने के लिये पुलिस प्रशासन को मजबूर होना पडेगा अतः सभी धर्मप्रेमी जनो से आग्रह है कि शासन की गाइड लाइन का बिधिबत पालन करे और अनावश्यक कानूनी कार्यवाही से बचे। संबधित थाना प्रभारी से संपर्क कर अपने अपने दुर्गा पूजन पंडाल की आवश्यक जानकारी देते हुऐ कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए हर्षोल्लास के साथ अपने अपने पावन पर्व को मनायें।



## कोविड-19 महाअभियान छूटे हुये लोग शीघ्र लगवाएं द्वितीय डोज

**भिण्ड।** कोविड-19 वैक्सीनेशन की श्रंखला में पूरे जिले में अभी तक 1 लाख लोग ऐसे लोग हैं जिन्हें द्वितीय डोज लगाया जाना शेष है। जिन लोगों ने माह मई 2021 से माह जून 2021 तक प्रथम डोज लगवाया था एवं उन्हें कोवीशील्ड के 85 दिन एवं कोवैक्सीन के 28 दिन पूर्ण हो चुके हैं। वे अपने अपने निकटस्थ वैक्सीनेषन केन्द्रों पर अपना द्वितीय डोज लगवाऐं।

# मद्यनिषेध सप्ताह के अंतर्गत वाद-विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता

**भिण्ड।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -2 के द्वारा चलाये जा रहे मध्य निषेध सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के अंतर्गत चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में आज वाद-विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मद्यपान का विषय युवा वर्ग में मद्यपान आवश्यक है अथवा नहीं एवं पोस्टर का विषय मद्यपान से सम्बंधित रहा। जिसमें वाद-विवाद में पक्ष में स्वयंसेवक आदित्य दुवे व वर्षा चौधरी एवं विपक्ष में हेमंत कुमार व अंशुल हरिऔध रहे। तथा पोस्टर में स्वयंसेविका नेहा शर्मा, रानू चौधरी, लक्ष्मी भदौरिया एवं प्रवेश इंदौरिया रहे। यह कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक शिवम गजरोलिया आदि उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में हिंदी विभाग की प्रोफेसर कमला नरवरिया, लेफ्टिनेंट रविकांत, प्रो. ममता भदौरिया, अनिल शाक्य मौजूद रहै। अतः स्वयंसेवको ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## वरिष्ठ नागरिक एल्डर हैल्पलाइन प्रारंभ, हैल्पलाइन नम्बर 14567

**भिण्ड।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय और निःशक्तजन कल्याण विभाग म.प्र. द्वारा राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक एल्डर हैल्पलाईन प्रारंभ की गई है। जिसका हैल्पलाईन नम्बर 14567 है।

**एल्डर हैल्पलाईन क्या है:** एल्डर लाईन वरिष्ठ नागरिको के लिए स्थापित एक योजना है। हम वर्तमान में म.प्र. के सभी जिलो में काम कर रहे है। यह हैल्पलाईन सप्ताह के सातो दिन प्रातः8 बजे से रात्रि 8 बजे के बीच कार्य करती है। हमारी सेवाओं के एक भाग के रूप में हम मुक्त कानूनी मार्गदर्शन प्रदान कर रहे है। वरिष्ठ नागरिको के कल्याण और रख रखाव के अधिनियम 2007 के बारे में, और पेंषन योजना के बारे में शिक्षित करते है। यदि किसी वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वे हमें रिपोर्ट कर सकते है कोई भी वरिष्ठजन अकेला हो या भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर रहा है हमें फोन करके बात कर सकते है, हम भावनात्मक प्रदान करते है, हम परित्यक्त वृद्ध लोगों को अस्थाई आश्रय प्रदान करके उन्हें फिर से परिवार के साथ मिलाने एवं मदद करते है, इन सभी सेवाओं के साथ हम वृद्धाश्रम, देखभाल करने वाली संस्थाओं, अस्पताल आदि के बारे में जानकारी प्रदान करते है।

# किसानों को अतिशीघ्र खाद मुहैया कराया जाए: शर्मा

### खाद की कालाबाजारी एवं जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**भिण्ड।** बुधवार को मेहगांव एसडीएम को राज्यपाल के नाम कांग्रेस पार्टी द्वारा खाद की कालाबाजारी एवं लखीमपुर कांड को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रामहरी शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए श्री शर्मा ने कहा कि किसानों को अति शीघ्र खाद मुहैया कराया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी एक बड़ा जन आंदोलन करेगी जिसमें जवाबदारी प्रशासन की होगी इसी क्रम में पूर्व विधायक डॉ नरेश सिंह गुर्जर ने कहा लखीमपुर कांड निंदनीय है। कांग्रेस महासचिव माननीय प्रियंका गांधी को अति शीघ्र रिहा किया जाए इसी क्रम में पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष सुभाष राठोर, जबर सिंह कुशवाहा, अजमेर सिंह गुर्जर, आदि ने अपने विचार रखें साथ ही किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सरदार सिंह गुर्जर ने भी किसानों की लड़ाई लड़ने की बात कही इलियास मोहम्मद खान नाथूराम नागर ने भी संबोधन के दिया कार्यक्रम का संचालन मनीष शिवहरे ने किया अंत में आभार संदीपन शर्मा ने व्यक्त किया इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री रामहरी शर्मा एडवोकेट, पूर्व विधायक नरेश सिंह गुर्जर, जबर सिंह कुशवाह, सुभाष राठोर, अजमेर सिंह गुर्जर, सरदार सिंह गुर्जर, नाथूराम नागर, बृजेश शर्मा, गिरीश शर्मा, रमेश कांकर, संदीप शर्मा, श्रीलाल दिनकर, हिम्मत सिंह नरवरिया, विकास चौधरी, बकील सिंह भदोरिया, विनोद जैन शिवनारायण शर्मा, रामज्ञान कुशवाह, लक्ष्मण कुशवाहा, अवधेश श्रीवास, कैलाश नारायण शर्मा, भीम शाक्य, प्रमोद जाटव सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## किसान भाई अपनी जमीन पर सोलर पंप का लाभ लें

**भिण्ड ।** म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लि. जिला भिण्ड के जिला अक्षय उर्जा अधिकारी एस. के. बादल द्वारा ग्राम मंडियन तहसील रौन यदुनाथ सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह के यहां सौलर पंप का निरीक्षण किया गया पंप कार्यशील व सुचारू रूप से कार्य कर रहा है, जिससे हमारे किसान भाई यदुनाथ सिंह के द्वारा प्रसन्नता प्रकट की गई। जो भी किसान भाई अपनी जमीन पर सोलर पंप स्थापित करवाना चाहते हैं वह किसान भाई कार्यलय में आकर या दूरभाष (07534-234430) ईमेल पर सम्पर्क कर सकते हैं जिससे जिले के किसान भाइयों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक/नामांतरण-शाखा/2021-22/ गोहद दिनांक ..............

### सार्वजनिक सूचना बावत् नामान्तरण

सर्व साधारण की जानकारी के लिये एतद् द्वारा सूचना दी जाती है, कि निम्न लिखित आवेदकों के आवेदन बावत् नामान्तरण भवन/भूमि स्वामित्व व अधिपत्य प्राप्त होकर नगर पालिका अभिलेखों में नाम परिवर्तन बावत् विचाराधीन है। जिस किसी को इस बावत् कोई आपत्ति हो तो यह सूचना जारी दिनांक से अंदर म्याद 30 दिवस अपनी लिखित उजदारी संबंधित अभिलेखों व स्वामित्व प्रमाणों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

विवरण

| क्रं. | प्र.क्र. | नाम आवेदक व पता | जिसके बजाय नामान्तरण चाहा गया है। | वार्ड क्रं./गली मोहल्ला का नाम जहाँ पर भवन/भू-खण्ड स्थित है। | स्वामित्व के प्रमाण जिसके आधार पर नामान्तरण चाहा गया है। | विवरण भवन/भूमि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 595/2021 X 3/11 | सीमा राठौर पत्नि कलियान सिंह राठौर जवासा तह.अटेर भिण्ड | राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बाबूलाल निवास ग्राम खेरिया रायजू तह.गोहद | वार्ड क्रं.18 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 2. | 596/2021 X 3/11 | सतीश कुमार राठौर पुत्र अमरसिंह निवासी ग्राम शेरपुर तह.गोहद | बाबूराम राठौर पुत्र भोगीराम निवासी वार्ड क्रं. 08 नहर मोहल्ला गोहद | वार्ड क्रं.18 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 3. | 597/2021 X 3/11 | संगीता कुशवाह पत्नि अशोक सिंह निवासी ग्राम ग्यानी तह.गोहद | लक्ष्मणसिंह पुत्र तुलाराम निवासी लोहे की पाली तह.गोहद | वार्ड क्र.18 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 4. | 598/2021 X 3/11 | रामलखन पुत्र रामदयाल वार्ड क्रं.01 गोहद | रामलखन नावा.सर.मा. रामकली बेवा रामदयाल वार्ड क्रं.01 | वार्ड क्रं.01 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 5. | 599/2021 X 3/11 | रेशमा पत्नि अब्दुल इमरान निवासी वार्ड क्रं.17 गोहद चौराहा गोहद तह.गोहद | रामसेवक पत्नि मंगलसिंह कुशवाह निवासी सती बाजार वार्ड क्रं.14 गोहद | वार्ड क्रं.04 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 6. | 600/2021 X 3/11 | असलम खॉं पुत्र रहमत खॉं निवासी वार्ड क्रं.07 गोहद | पगु खॉं सुल्तान खॉन वार्ड क्रं.07 गोहद | वार्ड क्रं.07 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 7. | 601/2021 X 3/11 | श्रीमती उर्मिला देवी पत्नि लोकेन्द्रसिंह तोमर निवासी गोहद चौराहा गोहद गोहद | श्रीकृष्ण सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह तोमर निवासी एण्डोरी तह.गोहद गोहद | वार्ड क्रं.18 गोहद | रजिस्ट्री डायवर्सन | प्लांट |
| 8. | 602/2021 X 3/11 | नंदराम माहौर पुत्र स्व. श्री रामदयाल व मीरादेवी पत्नि नंदराम माहौर निवासी खटीक मोहल्ला वार्ड क्रं.04 गोहद | राधेश्याम पुत्र श्रीराम मरोली निवासी वार्ड क्रं.05 शान्ति नगर गोहद | वार्ड क्रं.05 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 9. | 603/2021 X 3/11 | श्रीमती प्रियंका उपाध्याय पत्नि नवदीप उपाध्याय निवासी प्रकाश नगर वार्ड क्रं. 04 तह.गोहद | अमरसिंह, पवन कुमार पुत्र रामगोपाल माहौर निवासी खटीक मोहल्ला वार्ड क्रं. 07 गोहद | वार्ड क्रं.05 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 10. | 604/2021 X 3/11 | दाताराम माहौर पुत्र प्रेमनारायण निवासी बिरखड़ी तह.गोहद | विनोद कुमार पुत्र सियाराम ग्राम रतनपुरा तह.गोहद | वार्ड क्रं.17 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 11. | 605/2021 X 3/11 | गोलू गर्ग पुत्र अनिल गर्ग निवासी वार्ड क्रं. 33 गुल्ला की शहर जीवाजीपुर ग्वा. | 1. मदनलाल गुप्ता पुत्र छिद्दीलाल गुप्ता पुरानी कचहरी के पास घास मन्डी गिर्द मुरार 2. राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र हरीबाबू गुप्ता सदर बाजार गोहद 3. राजीव कुमार गुप्ता पुत्र हरीबाबू गुप्ता सदर बाजार गोहद 4. सुनीता गुप्ता पत्नि अरविन्द गुप्ता सदर बाजार गुप्ता 5. हर्ष गुप्ता, वर्ष गुप्ता पुत्रगण अरविन्द गुप्ता सदर बाजार गोहद | वार्ड क्रं.16 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 12. | 606/2021 X 3/11 | गौरव मित्तल पुत्र राधेश्याम मित्तल निवासी वार्ड क्रं.06 कोट का कुआँ गोहद | 1. मदनलाल गुप्ता पुत्र छिद्दीलाल गुप्ता पुरानी कचहरी के पास घास मण्डी गिर्द मुरार 2. राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र हरीबाबू गुप्ता सदर बाजार गोहद 3. राजीव कुमार गुप्ता पुत्र हरीबाबू गुप्ता सदर बाजार गोहद 4. सुनीता गुप्ता पत्नि अरविन्द गुप्ता सदर बाजार गुप्ता 5. हर्ष गुप्ता, वर्ष गुप्ता पुत्रगण अरविन्द गुप्ता सदर बाजार गोहद | वार्ड क्रं.16 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 13. | 607/2021 X 3/11 | श्रीमती रामश्री पत्नि जसराम जाटव निवासी ग्राम सुख्यापुरा पर.मेह. भिण्ड | छोटेसिंह पुत्र रामवक्स सिंह यादव निवासी वार्ड क्रं.12 गोहद | वार्ड क्र.17 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 14. | 608/2021 X 3/11 | श्रीमती मीना बाई पत्नि धर्मसिंह गौतम नगर वार्ड क्रं.17 गोहद | छोटेसिंह ,बद्दू सिंह पुत्रगण रामवक्स सिंह यादव निवासी वार्ड क्रं.12 गोहद | वार्ड क्रं.17 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 15. | 609/2021 X 3/11 | मुकेश गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता निवासी वार्ड क्रं.14 गोहद | पिल्थी पुत्र रामचरन कुशवाह निवासी ग्राम बगुलरी पर.गोहद | वार्ड क्रं.14 गोहद | रजिस्ट्री | भवन |
| 16. | 610/2021 X 3/11 | बृजकिशोर पुत्र श्रीराम भारद्वाज निवासी मिहोना जिला भिण्ड | म.सूरज किरण पत्नि प्रदीप कुमार मुदगल निवासी वार्ड क्रं.12 तह. गोहद | वार्ड क्रं.12 गोहद | लिखतम वसीयत नामा.मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन भूमि |
| 17. | 611/2021 X 3/11 | श्रीमती शकुतला मांझी पत्नि अवधेश मांझी निवासी वार्ड क्रं.13 गोहदी गेट गोहद | बाबूसिंह पुत्र हरिविलास वार्ड क्रं.13 किला रोड गोहद | वार्ड क्रं.16 गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र | प्लांट |
| 18. | 612/2021 X 3/11 | मुनब्बर खॉं पुत्र जब्बर खॉं निवासी ग्राम व | गोकुल सिंह पुत्र निरोत्तम सिंह वार्ड क्रं.18 गोहद | वार्ड क्रं.18 गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र | प्लांट |
| | 2021 11 | सुखविन्दर सिंह गोहद चौहद पर.गोहद | निवासी हरगोविन्दपुरा पर. गोहद | | | |
| 21. | 615/2021 X 3/11 | गजेन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र भैरोसिंह निवासी वार्ड क्रं.14 | रामसिंह, बुद्धसिंह, भैरोसिंह, रामेश्वर निवासी सुनारी पुरा गोहद | वार्ड क्रं.14 गोहद | लिखतम राहगति मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 22. | 616/2021 X 3/11 | दीपक खॉं पुत्र राजू खॉं निवासी वार्ड क्रं.09 गोहद | इस्माइल खॉन पुत्र हैदर खॉन वार्ड क्रं.05 गोहद | वार्ड क्रं.09 अब्दुलपुरा गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र | प्लांट |
| 23. | 617/2021 X 3/11 | राखी जैन पत्नि सुनील कुमार जैन वार्ड क्रं.06 कोट का कुआँ गोहद | रमेश चन्द्र पुत्र प्यारे लाल निवासी कैंची की पुलिया वार्ड क्रं.05 गोहद | वार्ड क्रं.06 कोट का कुआँ गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र | भवन |
| 24. | 618/2021 X 3/11 | श्रीमती विमलेश कुशवाह पत्नी सिंगराम कुशवाह निवासी वार्ड क्रं.04 बरथरा रोड गोहद | 1. रंगो बाई उर्फ रामप्यारी पत्नी बाबूलाल 2. मुरारी लाल बाथम पुत्र बाबूलाल वार्ड क्रं.04 प्रकाश नगर गोहद | वार्ड क्रं.04 गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र खसरा | प्लांट |
| 25. | 619/2021 X 3/11 | रजवीर राठौर पुत्र जगदीश राठौर वार्ड क्रं.04 बरथरा रोड गोहद | 1. रंगो बाई उर्फ रामप्यारी पत्नी बाबूलाल 2. मुरारी लाल बाथम पुत्र बाबूलाल वार्ड क्रं.04 प्रकाश नगर गोहद | वार्ड क्रं.04 गोहद | रजिस्ट्री विक्रय पत्र खसरा | प्लांट |
| 26. | 620/2021 X 3/11 | अनीता बाई पत्नि श्रीकृष्ण सुमन देवी पत्नि बालेन्द्र सिंह ग्राम खरौआ तह.गोहद | श्रीमती रेनुका देवी रामगूर्ति कुशवाह वार्ड क्रं. 16 अजय रोड चौराहा गोहद | वार्ड क्रं.16 गोहद | रजिस्ट्री डायवर्सन | प्लांट |
| 27. | 621/2021 X 3/11 | रेनू गुप्ता पत्नी श्री राकेश गुप्ता निवासी कैलाश टॉकील के पास लश्कर ग्वालियर | श्रीमती मनीषा गुप्ता पत्नि विजय गुप्ता कैलाश टॉकीज के पास लश्कर ग्वालियर | वार्ड क्रं.16 गोहद | न्यायालय डिक्री रजिस्ट्री न.पा. सूचना पत्र | भवन |
| 28. | 622/2021 X 3/11 | बालकिशन सोनी, विजय बहादुर सोनी, राजकुमार सोनी, अनिल कुमार, बंसत कुमार पुत्रगण स्व. रामभरोसी सोनी निवासी खरौआ गेट वार्ड क्रं.09 गोहद | स्व.रामभरोसी सोनी निवासी खरौआ गेट वार्ड क्रं.09 गोहद | वार्ड क्रं.14 सदर बाजार गोहद | शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 29. | 623/2021 X 3/11 | श्रीमती नारायणी देवी पत्नि हरीराम राठौर निवासी बरनपुरा तह. मेहगॉव भिण्ड | गाढ़ेराम पुत्र श्री गनेशराम शर्मा निवासी खेरिया महानंद तह.गोहद | वार्ड क्रं.16 गोहदी गोहद | रजिस्ट्री विक्रय | भवन |
| 30. | 624/2021 X 3/11 | सुनील कुमार गुप्ता स्व.बाबूराम गुप्ता निवासी एल.एल.309 डी.डी.नगर ग्वालियर | निर्मला देवी गुप्ता पत्नि अशोक कुमार गुप्ता वार्ड क्रं.17 शान्ती नगर गोहद चौराहा गोहद | वार्ड क्रं.17 शान्ती नगर गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 31. | 625/2021 X 3/11 | श्रीमती पूनम अग्रवाल पत्नि श्री ललित अग्रवाल वार्ड क्रं.14 सदर बाजार गोहद | श्रीमती कोमल अग्रवाल पत्नि रानू अग्रवाल वार्ड क्रं.14 सदर बाजार गोहद | वार्ड क्रं.16 गोहदी गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 32. | 626/2021 X 3/11 | रानू बंसल पुत्र किशनलाल बंसल ललित अग्रवाल पुत्र किशनलाल अग्रवाल वार्ड क्रं.14 सदर बाजार गोहद | मुकेश सिंह, दिनेश सिंह पुत्रगण मिठ्ठूलाल कुशवाह ग्राम नीरपुरा तह. गोहद | वार्ड क्रं.17 गोहद | रजिस्ट्री | प्लांट |
| 33. | 627/2021 X 3/11 | सुरेन्द्र सिंह पुत्र लज्जाराम निवासी वार्ड क्रं.05 नूरगंज तह. गोहद | राजेन्द्र कुमार दुबे पुत्र बाबूलाल दुबे निवासी वार्ड क्रं.07 इटायली गेट गोहद | वार्ड क्रं.07 इटायली गेट गोहद | रजिस्ट्री | भवन |
| 34. | 628/2021 X 3/11 | अमन अग्रवाल पुत्र पवन अग्रवाल वार्ड क्रं. 11 सदर बाजार गोहद | 1. श्रीमती विभा सोनी पत्नी मोहन लाल निवासी ज्योति अप्पर्ट गोमती कॉलोनी नेहरू नगर हुजुर क.टी.टी. नगर भोपाल 2. श्रीमती मंजू पत्नी उमाशंकर सोनी निवासी फोदजोरा का बडा दौलतगंज लश्कर ग्वालियर | वार्ड क्रं.14 गोहद | रजिस्ट्री | भवन |
| 35. | 629/2021 X 3/11 | मीराबाई पत्नी भूपेन्द्र ग्राम खरौआ तह.गोहद | मुन्नी देवी पत्नी जण्डेलसिंह ग्राम जियाजीपुर तह.गोहद | वार्ड क्रं.05 लक्ष्मण तलैया गोहद | रजिस्ट्री खसरा भू पुस्तिका | प्लांट |
| 36. | 630/2021 X 3/11 | हेतराम, बल्लू बाथम पुत्रगण वासुदेव बाथम वार्ड क्रं.02 बाहिरापुरा गोहद | बिहारीलाल पुत्र श्यामलाल बाथम वार्ड क्रं.02 बाहिरापुरा गोहद | वार्ड क्रं.02 बाहिरापुरा गोहद | शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 37. | 631/2021 X 3/11 | अमजद खॉन पुत्र नत्थे खॉन नूरगंज वार्ड क्रमांक 05 गोहद | नत्थे खॉन फिजा मोहम्मद पुत्रगण नूर खॉन नूरगंज वार्ड क्रं.05 गोहद | वार्ड क्रं.05 गोहद | रजिस्ट्र शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र सहमति पत्र | भवन |
| 38. | 632/2021 X 3/11 | अनिल कुमार, अशोक कुमार,अरविन्द कुमार, पुत्रगण गिरजाशंकर चतुर्वेदी निवासी एल-8 विवेक बिहार ग्वालियर | स्व.श्री गिरजा शंकर चतुर्वेदी पुत्र शीतलदीन चतुर्वेदी | वार्ड क्रं.07 गोहद | शपथ पत्र रजिस्ट्री मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 39. | 633/2021 X 3/11 | धर्मवीर कुशवाह पुत्र सुरेश सिंह कुशवाह निवासी वार्ड क्रं.02 बिहारी नगर गोहद | श्रीमती राजाबेटी लोहिया पत्नी सुरेश कुमार लोहिया निवासी मदनपुरा तह. मेहगॉव भिण्ड | वार्ड क्रं.17 गौतम नगर गोहद | रजिस्ट्री,डायवर्सन भू-पुस्तिका | प्लाट |
| 40. | 634/2021 X 3/11 | कपूरी बाई पत्नी मुन्नालाल निवासी वार्ड क्रं.12 गोहद | भागीरथ, सुदामा पुत्रगण घमण्डीलाल निवासी लिलोई तह.मेहगॉव | वार्ड क्रं.17 गोहद | रजिस्ट्री मृत्यु प्रमाण पत्र | प्लाट |
| 41. | 635/2021 X 3/11 | समीना बानो पत्नी सलीम खॉं निवासी गोहद चौराहा गोहद | मान अली पुत्र मोहम्मद अली निवासी बिलारा तह व जिला ग्वालियर | वार्ड क्रं.17 गोहद | रजिस्ट्री,डायवर्सन | प्लाट |

उप राजस्व निरीक्षक
नगर पालिका परिषद गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र.)
5/10/2021

## उछाल का अर्थ

काफी समय से लड़खड़ाती हुई आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था को औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी से काफी सहारा मिला है। जुलाई में औद्योगिक उत्पादन की दर में साढ़े ग्यारह फीसद की उछाल दर्ज हुई है। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार में भी उत्साहजनक वृद्धि हुई है। पिछले साल कोरोना के चलते पूरे देश में बंदी करनी पड़ी थी। उसका सबसे बड़ा असर उद्योग-धंधों पर पड़ा, करीब दो महीने तक औद्योगिक उत्पादन ठप्प रहा। उसका नतीजा यह हुआ कि औद्योगिक विकास दर ने जबर्दस्त गोता खाया और पूरी अर्थव्यवस्था नकारात्मक चौबीस फीसद पर पहुंच गई थी। पहले से ही हिचकोले खा रही, नीचे की ओर रुख कर चुकी अर्थव्यवस्था को लिए यह सबसे बड़ा झटका था। आशंका जताई जा रही थी कि अब भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संभलना काफी मुश्किल होगा। तब सरकार ने औद्योगिक क्षेत्रों के लिए कई प्रोत्साहन पैकेज घोषित किए। खासकर भवन निर्माण आदि के क्षेत्र में बरसों से बनी हुई सुस्ती तोड़ने के लिए कई बंदिशें हटाई गईं, प्रोत्साहन पैकेज घोषित किए गए। उसके सकारात्मक नतीजे अब दिखने शुरू हो गए हैं। खनन और बिजली क्षेत्र का जो उत्पादन निराशाजनक बना हुआ था, वह भी उत्साहजनक रूप से बढ़ा है। अच्छी बात यह भी है कि पिछले तीन महीने से खुदरा महंगाई की दर छह फीसद से ऊपर बनी हुई थी, वह कुछ नीचे उतरी है। उत्पादन की दर बढ़ेगी, तो महंगाई के कुछ काबू में आने की उम्मीद बनी रहेगी। हालांकि बैंक दरों को लेकर तमाम सावधानियां बरतने के बावजूद रिजर्व बैंक के लिए बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ाना चुनौती बना हुआ है। पर उसे उम्मीद है कि धीरे-धीरे इसमें भी सुधार आएगा। इसे विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी से जोड़ कर देखा जा रहा है। मगर विदेशी मुद्रा भंडार बेशक गाढ़े वक्त में देश की अर्थव्यवस्था को संभालने में मदद करता है, पर इसकी बढ़ोतरी भी सवालों के घेरे से बाहर नहीं है। निर्यात सबसे निचले स्तर पर बना हुआ है, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी आशाजनक रूप से आकर्षित नहीं हो पा रहा, फिर विदेशी मुद्रा भंडार के टिकाऊ रह पाने को लेकर स्वाभाविक ही आशंका बनी हुई है। फिर, बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सबसे जरूरी चीज है प्रति व्यक्ति आय और क्रय क्षमता बढ़ाना, उस दिशा में अभी कामयाबी मिलती नहीं दिख रही। यह तभी हो सकता है, जब रोजगार के नए अवसर सृजित हों। रोजगार के नए अवसर सबसे अधिक मंझोले, लघु और सूक्ष्म उद्योगों में सृजित होते हैं। भारी उद्योगों में उत्पादन की तुलना में रोजगार के अवसर बहुत कम होते हैं। इसलिए भारी उद्योगों में उत्पादन बढ़ने से बहुत उत्साहित नहीं हुआ जा सकता। कोरोना काल में लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं, लाखों लोगों के दैनिक उद्यम छिन गए। बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने खुदरा व्यापार में तो तेजी से तरक्की की, पर स्थानीय खुदरा बाजार काफी सिकुड़ गया। अगर असंगठित क्षेत्र पर पड़ी कोरोना बंदी की मार का आकलन करें, तो अर्थव्यवस्था के लिए कोई अच्छी तस्वीर नहीं बनती। हालांकि सरकार आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर जोर दे रही है, पर जो बाहरी कंपनियां यहां पहले से कारोबार कर रही थीं, वे छोड़ कर जाने लगें, तो यह भी कोई अच्छा संकेत नहीं। पिछले दो सालों में करीब छह बड़ी मोटर कंपनियां अपना कारोबार समेट चुकी हैं। ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का असर उद्योग-धंधों पर भी पड़ रहा है, महंगाई पर काबू पाना तो कठिन है ही। इसलिए औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी से उत्साह के बीच बुनियादी कमियों को सुधारने पर भी विचार जरूरी है।

# महादानी राजा थे महाराजा अग्रसेन

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**(07 अक्टूबर जयन्ती पर विशेष)**

महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। महाराजा अग्रसेन ने शासन प्रणाली में एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया था। उन्होंने वैदिक सनातन आर्य सस्कृंति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना की थी।

मान्यतानुसार मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चैंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवशीं क्षत्रिय कुल के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा अग्रसेन का जन्म हुआ। जिसे दुनिया भर में अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। राजा वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुये थे। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था कि यह बालक बहुत बड़ा राजा बनेगा। इस के राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। उनके राज में कोई दुखी या लाचार नहीं था। बचपन से ही वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे। वे एक धार्मिक, शांति दूत, प्रजा वत्सल, हिंसा विरोधी, बली प्रथा को बंद करवाने वाले, करुणानिधि, सब जीवों से प्रेम, स्नेह रखने वाले दयालू राजा थे।

महाराजा अग्रसेन एक सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे। जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए वणिक धर्म अपना लिया था। महाराज अग्रसेन ने नाग लोक के राजा कुमद के यहां आयोजित स्वंयवर में राजकुमारी माधवी का वरण किया। इस विवाह से नाग एवं आर्य कुल का नया गठबंधन हुआ। महाराजा अग्रसेन समाजवाद के प्रर्वतक, युग पुरुष, राम राज्य के समर्थक एवं महादानी थे। माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया।

माना जाता है कि यज्ञों में बैठे 18 गुरुओं के नाम पर ही अग्रवंश की स्थापना हुई। ऋषियों द्वारा प्रदत्त अठारह गोत्रों को महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ उनके द्वारा बसायी 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया। एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी अग्रवाल समाज में प्रचलित है।

महाराजा वल्लभ के निधन के बाद अपने नये राज्य की स्थापना के लिए महाराज अग्रसेन ने अपनी रानी माधवी के साथ सारे भारतवर्ष का भ्रमण किया। इसी दौरान उन्हें एक जगह शेर तथा भेडिये के बच्चे एक साथ खेलते मिले। उन्हें लगा कि यह दैवीय संदेश है जो इस वीरभूमि पर उन्हें राज्य स्थापित करने का संकेत दे रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे अग्रोहा नाम से जाना जाता है। वह जगह आज के हरियाणा के हिसार के पास हैं। आज भी यह स्थान अग्रहरि और अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ के समान है। यहां महाराज अग्रसेन और मां लक्ष्मी देवी का भव्य मंदिर है। अग्रसेन अपने छोटे भाई शूरसेन को प्रतापनगर का राजपाट सौंप दिया। महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे।

उन्होंने परिश्रम और उद्योग से धनोपार्जन के साथ-साथ उसका समान वितरण और आय से कम खर्च करने पर बल दिया। जहां एक ओर वैश्य जाति को व्यवसाय का प्रतीक तराजू प्रदान किया वहीं दूसरी ओर आत्म-रक्षा के लिए शस्त्रों के उपयोग की शिक्षा पर भी बल दिया। उस समय यज्ञ करना समृद्धि, वैभव और



खुशहाली की निशानी माना जाता था। महाराज अग्रसेन ने बहुत सारे यज्ञ किए। एक बार यज्ञ में बली के लिए लाए गये घोडे को बहुत बैचैन और डरा हुआ देख उन्हें विचार आया कि ऐसी समृद्धि का क्या फायदा जो मूक पशुओं के खून से सराबोर हो। उसी समय उन्होंने पशु बली पर रोक लगा दी। इसीलिए आज भी अग्रवंश समाज हिंसा से दूर रहता है।

महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता। एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र विभु के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए।

कहते हैं कि एक बार अग्रोहा में बडी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोड़ी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं।

वैसे महाराजा अग्रसेन पर अनगिनत पुस्तके लिखी जा चुकी हैं। सुप्रसिद्ध लेखक भारतेंदु हरिश्चंद्र जो खुद भी अग्रवाल समुदाय से थे। उन्होने 1871 में अग्रवालों की उत्पत्ति नामक एक प्रामाणिक ग्रंथ लिखा है। जिसमें विस्तार से इनके बारे में बताया गया है। 24 सितंबर 1976 में भारत सरकार द्वारा 25 पैसे का डाक टिकट महाराजा अग्रसेन के नाम पर जारी किया गया था। सन 1995 में भारत सरकार ने दक्षिण कोरिया से 350 करोड़ रूपये में एक विशेष तेल वाहक पोत (जहाज) खरीदा, जिसका नाम महाराजा अग्रसेन रखा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 का आधिकारिक नाम महाराजा अग्रसेन पर है।

आज का अग्रोहा ही प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित अग्रवालों का उद्गम स्थान आग्रेय है। अग्रोहा हिसार से 20 किलोमीटर दूर महाराजा अग्रसेन राष्ट्र मार्ग संख्या 10 के किनारे एक साधारण गांव के रूप में स्थित है। जहां पांच सौ परिवारों की आबादी रहती है। इसके समीप ही प्राचीन राजधानी अग्रेह (अग्रोहा) के अवशेष के रूप में 650 एकड भूमि में फैला महाराजा अग्रसेन धाम हैं। जो महाराज अग्रसेन के अग्रोहा नगर के गौरव पूर्ण इतिहास को दर्शाता हैं। आज भी यह स्थान अग्रवाल समाज में पांचवे धाम के रूप में पूजा जाता है।

अग्रोहा विकास ट्रस्ट ने यहां पर बहुत सुंदर मन्दिर, धर्मशालाएं आदि बनाकर यहां आने वाले अग्रवाल समाज के लोगो के लिए बहुत सुविधायें उपलब्ध करवायी है। इतिहास में महाराज अग्रसेन परम प्रतापी, धार्मिक, सहिष्णु, समाजवाद के प्रेरक महापुरुष के रूप में उल्लेखित हैं। देश में जगह-जगह महाराजा अग्रसेन के नाम पर बनायी गयी स्कूल, अस्पताल, बावड़ी, धर्मशालाएं आदि महाराजा अग्रसेन के जीवन मूल्यों का आधार हैं। जो मानव आस्था के प्रतीक हैं।

## कौन है नीतिनिष्ठ व्यक्ति?

सदाचार एक व्यापक और सार्वभौम तत्व है। देशकाल की सीमाएं इसे न तो विभक्त कर सकती हैं और न इसकी मौलिकता को नकार सकती हैं। जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश सबके लिए होता है, उसी प्रकार सदाचार के मूलभूत तत्व मानव मात्र के लिए उपयोगी होते हैं। कुछ व्यक्ति अपने राष्ट्र, कुल या परंपरागत आचार को विशेष महत्व देते हैं, किंतु यह अपनेपन का व्यामोह है। जो कुछ मैं कर रहा हूं, वह सदाचार है, इस धारणा की अपेक्षा व्यक्ति को ऐसी धारणा सुदृढ़ करनी चाहिए कि जो सत् आचरण है, वह मेरे लिए करणीय है। सदाचारी व्यक्ति नीतिनिष्ठ होता है। वह किसी भी स्थिति में नीति के अतिप्रमण को अपनी स्वीकृति नहीं दे सकता। नीतिनिष्ठ व्यक्ति को परिभाषित करते हुए कहा गया है- जिस व्यक्ति में अभय, मृदुता, सत्य, सरलता, करुणा, धैर्य, कर्तव्यनिष्ठ और व्यक्तिगत संग्रह का संयम और प्रामाणिकता होती है, वह नीतिमान कहलाता है। जो व्यक्ति सत्य के प्रति समर्पित होता है, अन्याय का प्रतिकार करते समय भयभीत नहीं होता, अपनी भूल ज्ञात होने पर उसे स्वीकार करने में संकोच नहीं करता और कठिनतम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है, वह अभय का साधक होता है। कोमलता का नाम मृदुता है। यह सामूहिक जीवन की सफलता का सूत्र है। इसके द्वारा व्यक्ति के जीवन में सरसता आती है। मृदु स्वभाव में लोच होती है, इस स्वभाव वाला व्यक्ति किसी भी वातावरण को अपने अनुकूल बना लेता है। सत्य का अर्थ है यथार्थता। जो तथ्य जैसा है उसे वैसा ही जानना, मानना, स्वीकार करना और निभाना सत्य है। सत्य की साधना कठिन अवश्य है, पर है आत्मतोष देने वाली। आर्जव सरलता का पर्यायवाची शब्द है। सरलता सदाचार की आधारभूमि है। इसी उर्वरा में सदाचार की पौध फलती-फूलती है। मायावी व्यक्ति कभी सदाचारी नहीं हो सकता। करुणा सदाचार का मूल है।

## नवरात्र में सांझी की प्राण प्रतिष्ठा!

**डा.श्रीगोपालनारसन**

शरद नवरात्र की बेला पर
नवदुर्गा का आव्हान करूं
अखंड ज्योति जलाकर
तेरा मै गुणगान करूं
हे शक्ति स्वरूपा प्रथम देवी
जन मन को बदल दो तुम
कन्या भ्रूण हत्या न हो
ऐसा वरदान दे दो तुम
कन्या पर जो कुदृष्टि डाले
उनकी दृष्टि को हर लो तुम
तुम्हारा प्रतिरूप हो कन्याएं
उनमें संस्कार भर दो तुम।

नवरात्र का पर्व देवी पूजा के विभिन्न रूपो की साधना का अवसर है।जिसमे आस्था,लोकसंस्कृति, शिल्प कला और बच्चों में कलात्मक गुणों का समावेश करने की पुरातन परम्परा है।इन्ही में से एक है,नवरात्र पर देवी रूप में सांझी की स्थापना और फिर पूरे नवरात्र सांझी की लोकगीतों के साथ पूजा।देखिए एक बानगी, लिल्ली धोडी रे कौन फिरे सवार,मै था दुलीचन्द बोबो हे, सांझी का लेवणहार। बोबो थोडा पिला दे हे तेरा बीर प्यासा जाए।% नवरात्रों पर हर घर में यह लोकगीत पुराने समय से गाया जाता है।सांझी की आरती के रूप में सुबह शाम गाये जाने वाले इस लोग गीत में कही न कही एक संदेश है,साथ ही भारतीय संस्कृति की अनूठी झलक भी इस गीत में देखने को मिलती है। श्राद्ध के अन्तिम दिन अमावस्या को देवी रूप में मिटटी से बनी मां सांझी को प्रतिष्ठित कर मां सांझी की पूरे नवरात्रों तक पूजा अर्चना की जाती है। पहले गांव हो या शहर, घर लडकियां कच्ची मिटटी से नई नई डिजाईन व नये नये साज श्रंगार के साथ सांझी तैयार करती थी। सांझी के साथ चांद तारे से लेकर कई आकृतियां सजाई जाती थी। जो शिल्पकला का अदभुत नमूना होता है।



श्राद्ध पक्ष आते ही सांझी बनाने का सिलसिला शुरू हो जाता है और नवरात्र से एक दिन पहले गोबर से चिपकाकर दिवारों पर सांझी लगाई जाती है।समय के साथ सांझी भी हाईटेक हो गई है। अब सांझी घरो में बनाने के बजाए बाजार से खरीदकर लगाई जाती है।एक सांझी 50 रूपये से 500 रूपये तक आसानी से मिल जाती है। ऐसे में सांझी को घर में बनाने की परम्परा अब खत्म प्रायः हो गई है।जिससे घर की लडकियां सांझी बनाने की शिल्पकला से वंचित हो गई है। एक बोध कथा के अनुसार, सांझी एक गरीब परिवार में जन्मी एक ऐसी लडकी थी, जिसे ससुराल भी गरीब ही मिली।

ससुराल में सांझी को कई झूठे इल्जाम और ताने सहन करने पडतें थे। यानि सांझी को ससुराल में प्रताडित किया गया। सांझी को मायके लिवाने जब उसका भाई दुलीचन्द उसकी ससुराल आया तो उससे सांझी की पीडा देखी नही गई। हद तो तब हो गई जब ससुराल वालों ने सांझी को उसके भाई के साथ भेजने से इंकार कर दिया।सांझी जिद पर अड गई और भाई दुलीचन्द के साथ मायके चली गई । जहां पहुंचने पर सांझी की आरती उतारकर पूरे गांव ने स्वागत किया। सांझी के मायके में स्वागत के दौरान चना जिसे चाब कहा जाता है,का प्रसाद बाटा गया । तभी से यह पर्व मनाने और पर्व पर चाब के रूप में भीगे हुए चने बांटने की परम्परा है। राधा बल्लभ संप्रदाय के अनुयायी सांझी को राधा कृष्ण की प्रेम भक्ति के रूप व्याख्यायित करते है तो कही कही सांझी की पूजा 16 दिनों तक किये जाने की भी परम्परा है। लोक कथाओं के साथ साथ लोक गीतों में कालजयी सांझी की कथा सहज ही समझ में आ जाती है। सांझी की आरती सुबह शाम करते समय प्रार्थना के रूप में जो लोक गीत गाए जाते है उन लोक गीतो की एक बानगी देखिए, चाब दे री चाब दे सांझी की मां चाब दे , तेरी सांझी जीवे चाब दे । इसी तरह आरता री आरता सांझी मां आरता । गाकर सांझी मां की पूजा की जाती है। इसी सांझी मां की प्रतिमा के सामने सांझी स्थापना के अगले दिन कच्ची मिटटी में जौ बोये जाते है। प्रतिदिन सुबह शाम सांझी को स्नान कराते समय व भोग लगाते समय इन बोये गए जौ में नियमित पानी छिडकने से जौ अकुंरित होकर पौधा बनने लगता है जिसे नोरते कहते है।

# रामायण को दोहराती राजनीति

### सूडोकु नवताल- 5855

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5854 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

**ओमप्रकाश मेहता**

**क्या शाह की शर्ते पूरी कर पाएगें काँग्रेस के विभीषण...?**

इन दिनों त्रेतायुग की रामकथा इस कलियुग में भारत भूमि पर ही राजनीतिक क्षेत्र में पुनः मंचित की जा रही है, अन्तर सिर्फ इतना है कि त्रेतायुग में रावण के अनुज विभीषण ने राम के साथ मिलकर लंका को ध्वस्त करवाया था और आज का विभीषण राजनीति के लक्ष्मण (अमित शाह) के साथ मिलकर कांग्रेस की लंका को ध्वस्त करने का संकल्प ले रहा है, त्रेतायुग में ऐसा करने पर विभीषण को राज मिला था और यदि आज का विभीषण लक्ष्मण जी की शर्ते पूरी कर देता है तो उसका राजतिलक करने का वादा है, इस सांकेतिक रामायण कथा को आप समझ ही गये होंगे?

इस संदर्भ में अब ज्यादा पीछे नहीं, केवल साढ़े सात साल पीछे जाते है, वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों के समय आज के राम (नरेन्द्र मोदी) ने घोषणा की थी कि वे कांग्रेस को जड़ से खत्म कर देगें, उन्होंने न सिर्फ 2014 बल्कि उसके बाद 2019 में अपने संकल्प की पूर्ति का प्रयास किया और कुछ अंशों तक उसमें सफल भी रहे और आज एक ओर जहां लक्ष्मण जी (शाह) अपने स्तर पर राम जी का संकल्प पूरा करने का प्रयास कर रहे है, वही भरत और शत्रुघ्न भी कहने लगे है कि ÷कांग्रेस को हमें खत्म करने की जरूरत ही नहीं, उसके लिए राहुल जी ही काफी है। हमारे धर्मपरायण भारत में एक मान्यता सदा से चली आ रही है कि ÷जो जन्म देता है, वही उसे खत्म भी करता है।÷ अब यह मान्यता



मानव के साथ तो अब तक चरितार्थ होती रही, किंतु अब यही मान्यता राजनीतिक क्षेत्र में भी चरितार्थ होने लगी है, जिसका ताजा मौजूदा उदाहरण कांग्रेस है, जिसे एक गांधी-नेहरू ने जन्म दिया, पाला-पौसा और अब गांधी-नेहरू का खानदान ही उसे खत्म करने का श्रेय लेने को आतुर है, अर्थात् आज की राजनीति के भरत-शत्रुघ्न जो कह रहे है, वही वास्तविकता है, पिछले कई सालों से जिस वरिष्ठतम या बुजुर्ग राजनीतिक दल का कोई निर्वाचित अध्यक्ष ही नहीं हो और बिना विधिवत अध्यक्ष के फैसले लिये जा रहे हो और यह सवाल पार्टी में ही बुजुर्गो द्वारा उठाया जा रहा हो, तो फिर उस पार्टी के भविष्य के बारे में क्या कहा जा सकता है, इस प्रक्रिया को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती गंभीर मरीज की श्वांसनलि का ऑक्सीजन छीनने से अधिक क्या कहा जा सकता है, उस मरीज (पार्टी) को तो स्वर्ग सिधारना ही है? आज एक तरफ कांग्रेस आईसीयू में है और अंतिम सांस गिन रही है और दूसरी ओर साफाधारी विभीषण लक्ष्मण से मिलकर उसकी शीघ्र मुक्ति की साजिश रच रहे है, विभीषण के सामने लक्ष्मण जी ने शर्ते रखी है कि वे कांग्रेस के असंतुष्टों से भेंट करें और उन्हें भाजपा में लाने का प्रयास करें, यदि वे अपने प्रयासों में सफल रहे और कांग्रेस के असंतुष्ट दिग्गज भाजपा में चाहे न आए, पार्टी से नाता तोड़ लें, तो विभीषण जी को राज्यसभा के द्वार से लाकर कृषि मंत्री के रूप में उनका राजतिलक कर दिया जाएगा और मौजूदा कृषि मंत्री को कोई अहम् जिम्मेदारी(?) सौंप दी जाएगी।

यहाँ यह भी स्मरणीय है कि एक ओर जहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अविवाहित राहुल गांधी नई कांग्रेस को जन्म देने की बात कह चुके है, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जो अपनी ही पार्टी में ÷जी-23÷ के नाम से बदनाम है, वे पार्टी की ÷डमी अध्यक्ष÷ सोनिया जी से पंजाब के घटनाक्रमों के सन्दर्भ में कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक तत्काल आयोजित करने की मांग कर चुके है, पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल जहां सवाल उठा रहे है कि पार्टी का कोर्ठ विधिवत अध्यक्ष ही नहीं है तो फिर कांग्रेस आदेश कैसे जारी कर रही है, वही एक अन्य वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद पार्टी शासित राज्यों में घट रही राजनीतिक घटनाओं पर विचार-विमर्श हेतु पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक यथाशीघ्र आयोजित करने की सोनिया जी से मांग कर चुके है, उन्होंने इस संदर्भ में कायदे से चिट्ठी लिखकर यह मांग की है।

## कलह के बीच खड़ी कमजोर होती कांग्रेस!

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

देष की सबसे पुरानी एवं सबसे बड़ी रही राजनीतिक पार्टी कांग्रेस आज कलह के कगार पर खड़ी दिन पर दिन छोटी होती जा रही है। वर्षो तक देष में एक छत्र षासन करने वाली कांग्रेस दिषा विहिन हो गई है जिसके पास वर्तमान में कोई अध्यक्ष नहीं। देष की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की आज ये हालात होगी किसी ने सपनों में भी नहीं सोचा होगा जब कि इस राजनीतिक पार्टी के पास एक से एक दिग्गज नेता हुआ करते। एक समय ऐसा रहा कि इस राजनीतिक पार्टी में आज के प्रायः सभी राजनीतिक दल समाये हुये थे, विपक्ष में जनसंघ, समाजवादी दल, वामपंथी दल जरूर थे जिनका अस्तित्व नगण्य हुआ करता। कांग्रेस ने अपने समय में उतार चढ़ाव के नजारे भी देखे फिर भी कई दषक परिवार वाद की आड़ में षासन किया। परिवार वाद से अलग हटकर भी कांग्रेस का षासन काल रहा पर ज्यादा नहीं। कांग्रेस को कमजोर करने में देष की बदली राजनीतिक परिस्थियां भी रही जिसमें जनक कांग्रेस के स्वयंभू नेता भी रहे। मंडल आयोग ने कांग्रेस को अलग थलग एक बार जरूर कर दिया। कांग्रेस से जुड़े अधिकांष नेता जातीय राजनीति में उलझकर अलग हो गये जिससे कांग्रेस उत्तर भारत से अस्तित्व विहिन हो गई। दक्षिण भारत में कांग्रेस की साख बची रही। इस दौरान भी कांग्रेस केन्द्र की सत्ता सहित देष के कई राज्यों में बरकरार रही। बदलते हालात में भी कांग्रेस केन्द्र की सत्ता में लगातार दो संसदीय सत्रकाल उस नेतुत्व में बनी रही जिसपर विदेषी होने की मोहर विपक्ष द्वारा लगी रही जो वर्तमान में कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष पद पर है । आज उसी के नेतृत्व में कांग्रेस की यह दषा देखने को मिल रही है।जहां कांग्रेस आंतरिक कलह से बिखरती नजर आने लगी है। जिसके नेतृत्व पर कांग्रेस के दिग्गज एवं पुराने नेतओं द्वारा सवाल किये जाने लगे है। कांग्रेस की वर्तमान हालात के लिये कांग्रेस के वरिश्ठ नेता कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं गांधी परिवार से जुड़ी कांग्रेस के मामले में अहम भूमिका निभाने वाली श्रीमती सानियां गांधी की बेटी प्रियंका बडेरा को दोशी मान रहे है। कांग्रेस में वर्तमान में कोई अध्यक्ष नहीं है और जो भी निर्णय लिये जा रहे है इनमें इनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आज पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस पंजाब में टूट के कगार पर खड़ी है। कुछ समय पूर्व इस नेतृत्व के तहत मध्य प्रदेष की कांग्रेस सरकार सत्ता विहिन हो गई। कांग्रेस में पले बड़े हुये वरिश्ठ कांग्रेसी पुत्र ज्योतिराव सिंधिया, जतिन प्रसाद भाजपा में जा मिले। राजस्थान की सरकार पर संकट के बादल गहराते नजर आ रहे है।

# शाहरुख और नयनतारा अभिनीत एटली की फिल्म में नजर आएंगी आकांक्षा सिंह



बॉलीवुड के बादशाह माने जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस काफी समय से शाहरुख अभिनीत एटली की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में साउथ अभिनेत्री नयनतारा और राणा दग्गुबाती भी नजर आने वाले हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो इस बहुचर्चित फिल्म में अभिनेत्री आकांक्षा सिंह भी दिखने वाली हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख अभिनीत एटली की अगली फिल्म के लिए आकांक्षा को अप्रोच किया गया है। एक सूत्र ने कहा, फिल्म निर्माता हमेशा नई जोड़ियों और नए चेहरों की तलाश में रहते हैं। इस बात को देखते हुए कि आकांक्षा को बड़े पर्दे पर ज्यादा नहीं देखा गया है। इसकी बहुत संभावना है कि मेकर्स ने फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए उन्हें अप्रोच करने का फैसला किया है।

सूत्र ने बताया कि मेकर्स आकांक्षा से बातचीत में लगे हैं। उनके किरदार के बारे में फिलहाल विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि उन्होंने अभी इस प्रोजेक्ट को साइन नहीं किया है। इस संबंध में मेकर्स की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। एक सूत्र ने कहा कि आने वाले सप्ताह में इस संबंध में घोषणा हो सकती है। फिलहाल शाहरुख की इस फिल्म का टाइटल तय नहीं किया गया है। आकांक्षा को फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया में देखा गया था। इस फिल्म में वरुण धवन लीड रोल में थे। हाल में आकांक्षा अजय देवगन की फिल्म मेडे को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। आने वाले दिनों में यह फिल्म रिलीज होगी। शाहरुख की इस फिल्म में दग्गुबाती विलेन के किरदार में नजर आएंगे। यह पहली बार होगा जब अभिनेता शाहरुख और दग्गुबाती एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। शाहरुख की इस फिल्म में प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा और सुनील ग्रोवर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। फिल्म की पटकथा को एटली ने खुद अपने लेखकों की टीम के साथ विकसित किया है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे कई भाषाओं में बनाया जाएगा। फिल्म की शूटिंग पुणे में शुरू हो चुकी है। यह फिल्म सुपरहिट वेब सीरीज मनी हाइस्ट से प्रेरित है।

## पुलिस की भूमिका निभाना चाहती हूं:अलीशा पंवार

अभिनेत्री अलीशा पंवार की लघु फिल्म ब्लाइंड लव - पार्ट 2 की स्ट्रीमिंग शुरु हो गई है। अभिनेत्री ने इस पर अपना उत्साह साझा किया। फिल्म के बारे में अधिक बात करते हुए अलीशा कहती हैं कि फिल्म में काम करने का पूरा अनुभव बहुत अच्छा है। मैंने ब्लाइंड लव के साथ लघु फिल्मों में शुरूआत की है। यह मेरे द्वारा निभाई गई नैना नाम की लड़की और एक लड़के की एक साधारण प्रेम कहानी है। यह पहली बार था जब मैंने एक दृष्टिबाधित लड़की का किरदार निभाया है, इसलिए इस किरदार की तैयारी में बहुत मेहनत लगी है। ब्लाइंड लव 2 से उसकी क्या उम्मीदें हैं? इस पर उन्होंने कहा कि पहले सीजन पर काम करते हुए, हम ब्लाइंड लव की एक टीम के रूप में कभी भी परिणाम की भविष्यवाणी नहीं कर सकते थे। एक एक्टर के रूप में मैंने अपना दिल और आत्मा नैना में डाल दिया है और परिणाम हमारे सामने है। एक टीम के रूप में , मैं निश्चित रूप से चाहती हूं कि सीजन 2 अच्छा करे। हमने काम करने का एक अच्छा समीकरण साझा किया है और यह जीवन भर के लिए एक अनुभव है,। प्रदीप खैरवार द्वारा निर्देशित ब्लाइंड लव 2 में एक्टर शगुन पांडे भी हैं। शॉर्ट फिल्मों में डेब्यू करने के बाद क्या वह ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर वेब सीरीज, फिल्में करने की कोशिश करेंगी? वह जवाब देती है कि क्यों नहीं? मैं ऐसी भूमिका पसंद करूंगी जो संबंधित हो और मैं प्रयोग कर सकूं। मैं अपने प्रदर्शन से अपने दर्शकों का मनोरंजन करना पसंद करूंगी। मैं पुलिस की भूमिका निभाना चाहती हूं।। मुझे यकीन है कि मैं उसके साथ न्याय कर पाऊंगी। ओटीटी पर एक बोल्ड भूमिका करने के बारे में बोलते हुए अलीशा कहती हैं कि यह निर्भर करता है कि मुझे क्यों और क्या ऑफर किया गया है। बहुत पतली रेखा है। जाहिर है, सिर्फ इसे करने के लिए मैं ऐसा कुछ कभी नहीं करूंगी। तो क्या आप मानते हैं कि महामारी के बाद ओटीटी एक वरदान बन गया है? उन्होंने कहा कि केवल महामारी के दौरान नहीं क्योंकि यह हमेशा एक वरदान रहा है जैसा कि मैंने एक एक्टर के रूप में उल्लेख किया है, मुझे अपनी विविधता दिखाना पसंद है और यह मंच मुझे ऐसा करने की अनुमति देता है।



# सलमान खान के शो बिग बॉस 15 में नजर आ सकती हैं रिया चक्रवर्ती



बिग बॉस ओटीटी का पहला सीजन हाल में समाप्त हुआ है। दिव्या अग्रवाल ने बिग बॉस ह्ञ्ञ्ञ का खिताब अपने नाम किया है। उन्हें ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है। इसी के साथ अब टीवी पर आने वाले सलमान खान के शो बिग बॉस 15 का इंतजार है। जानकारी सामने आ रही है कि सलमान के इस शो में मशहूर अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बिग बॉस 15 में रिया अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकती हैं। रिया को अंधेरी के एक स्टूडियो में देखा गया था, जिससे बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि वह सलमान के शो में नजर आएंगी। बता दें कि यही वह स्टूडियो है, जहां बिग बॉस 15 की कन्फर्मड प्रतिभागी तेजस्वी प्रकाश को स्पॉट किया गया था। इसी स्टूडियो में बिग बॉस की पूर्व प्रतियोगी दलजीत कौर को भी देखा गया था। स्टूडियो के बाहर से आई रिया की तस्वीरें वायरल हो गई हैं। हालांकि, इस संबंध में रिया की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह प्रतिभागी के तौर पर शो में शामिल होंगी या उन्हें एक मेहमान के तौर पर देखा जाएगा। ऐसी भी चर्चा चल रही है कि वह शनिवार को शो की ओपनिंग नाइट में परफॉर्म करेंगी। बिग बॉस 15 का प्रसारण कलर्स चैनल पर 2 अक्टूबर से शुरू होगा।

रिया को हालिया रिलीज हुई फिल्म चेहरे में देखा गया है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी दिखे हैं। रिया पिछले साल अपने बॉयफ्रेंड और दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बाद सुर्खियों में आई थीं। अभी तक बिग बॉस 15 में शामिल होने के लिए कुछ प्रतिभागियों के नाम सामने आ चुके हैं। इनमें शमिता शेट्टी, डोनल बिष्ट, प्रतीक सहजपाल, निशांत भट, करण कुंद्रा, तेजस्वी प्रकाश, सिम्बा नागपाल, अफसाना खान के नाम शामिल हैं। वूट पर शो का सफर रोमांचकारी रहा। फिनाले में शमिता, निशांत, प्रतीक और राकेश बापट ने जगह बनाई थी। निशांत फर्स्ट रनरअप रहे तो शमिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। राकेश तीसरे उपविजेता रहे थे। बिग बॉस 15 में एक सीट बुक करने के बदले विजेता की ट्रॉफी की दौड़ से बाहर निकलने का मौका दिया गया था। मौके को भुनाते हुए प्रतीक बिग बॉस 15 के पहले प्रतियोगी बने।

# दांत ही नहीं इन 10 जगहों के लिए भी फायदेमंद है टूथपेस्ट, इस्तेमाल करके देखिए

प्रतिदिन सुबह उठते ही हम कुल्ला करने के साथ ही ब्रश करते हैं। दाँतों की सफाई और रात का खाना खाने के बाद मुँह में पैदा हुई बदबू को दूर करने के लिए हम ब्रश पर टूथ पेस्ट लगा कर दाँतों को चमकाते हैं। टूथपेस्ट करने के बाद मुंह से बदबू आना बंद हो जाती है और शरीर में नई ताजगी का अहसास होता है। बहुत ही कम लोगों को यह जानकारी होगी कि टूथपेस्ट से सिर्फ दांतों को साफ करने का काम ही नहीं किया जाता है अपितु यह कई अन्य कामों में भी इस्तेमाल की जा सकती है।

### आइए डालते हैं एक नजर उन दूसरे कामों पर जिनमें हम टूथपेस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं—

1. कई बार रसोई में काम करते हुए अचानक से महिलाओं के हाथ या बाँह गरम तवे या गरम बर्तन से छू जाता है। जिस स्थान पर यह गरम अचानक से लगता है वहाँ पर छाले पड़ने की सम्भावना हो जाती है। यदि आप चाहते हैं कि आपको छाले या फफुले न पड़े तो तुरन्त उस स्थान पर आप टूथपेस्ट लगा लें। टूथपेस्ट लगाने के बाद आपको उस स्थान पर ठंडक का अहसास होने के साथ ही फफूले भी नहीं होंगे।
2. किशोरावस्था में कदम रखते ही युवाओं के चेहरे पर कील मुंहासे अर्थात् पिंपल निकलने शुरू हो जाते हैं। यदि आपके चेहरे पर पिंपल निकल रहे हैं तो आप उन पर टूथपेस्ट लगा लें। कम से कम 20 मिनट बाद आप उसे ठंडे पानी से धो लें। आपके चेहरे पर पिंपल अर्थात् मुँहासे कम हो जाएंगे।
3. अगर आप के कपड़ों पर स्याही का दाग लग गया है तो आप उस पर कुछ मिनटों के लिए टूथपेस्ट लगाकर छोड़ दें। फिर धो लें। दाग चला जाएगा।



4. वैसे तो चांदी और पीतल के बर्तनों को साफ करने के लिए मिट्टी और अमचूर का प्रयाग किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि टूथपेस्ट का प्रयोग चांदी और पीतल के बर्तनों को को साफ करने के लिए किया जा सकता है। ब्रश पर थोड़ा सा पेस्ट लेकर चांदी और पीतल के बर्तनों पर लगा दे और थोड़ी देर बाद उसे पानी से धो लें। आपके चांदी और पीतल के बर्तन नए बर्तनों की तरह दमकने लगेंगे।
5. मच्छर या कीड़ा काट ले, तो उस जगह पर टूथपेस्ट लगा लें। यह दर्द को कम करेगा।
6. महिलाएँ अक्सर अपने हीरे जड़ित कंगनों को साफ करने के लिए परेशान होती नजर आती हैं। यदि आपके पास हीरे जड़ित कंगन या अंगूठी है तो आप उसे चमकदार बनाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं।
7. कमोबेश हर परिवार के बाथरूम नलों में जंग लगी नजर आती है। यदि स्टील के नल हैं तो उन पर अजीब से सफेद परत नजर आने लगती हैं। नलों को फिर से नया बनाने के लिए आप उसे टूथपेस्ट लगाकर धो लें तो नल फिर से नए हो जाएंगे।
8. अपने नाखूनों को प्राकृतिक चमक देने के लिए हलका सा टूथपेस्ट नाखूनों पर लगाएं और टूथब्रश से साफ कर लें।
9. चश्मे को साफ करने के लिए हल्का सा टूथपेस्ट लगा कर चश्मे को पोंछ लें।
10. चाय का कप या पानी का गिलास वुडेन फर्नीचर पर रख देते हैं, जिस से वहां पानी का गोल निशान सा बन जाता है। इस निशान को हटाने के लिए हलका सा टूथपेस्ट उस जगह लगा दें और साफ कपड़े से पोंछ लें।

# आलिया भट्ट स्टारर 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की रिलीज डेट का हुआ ऐलान, नए साल पर धमाल मचाएगी फिल्म



महाराष्ट्र में जब से सिनेमाघर खोले जाने को हरी झंडी मिली है, तभी से मेकर्स लगातार फिल्मों का ऐलान कर रहे हैं. ऐसे में अब इस लिस्ट में संजय लीला भंसाली और आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी भी शामिल हो गई हैं. हाल ही में गंगूबाई काठियावाड़ी की रिलीज डेट सामने आई है. संजय लीला भंसाली ने भी आलिया भट्ट और अजय देवगन अभिनीत फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है. लंबे समय से इस फिल्म के रिलीज का फैंस इंतजार कर रहे थे, बता ये ये मूवी 2022 के जनवरी में पर्दे पर रिलीज होने वाली है. आपको बता दें कि संजय लीला भंसाली की मोस्ट अवेटिड फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी अगले साल 6 जनवरी 2022 को रिलीज होने वाली है. यानी कि साफ है आलिया भट्ट फैंस को गंगूबाई के जरिए नए साल का नायाब तोहफा देने वाली हैं. वहीं, फिल्म को नए साल पर रिलीज काफी फायदा भी मिल सकता है. आपको बता दें कि गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर पहले तक ये खबरें थीं कि फिल्म को दीवाली पर भंसाली रिलीज करेंगे, लेकिन मेकर्स ने सरप्राइज देते हुए फिल्म को नए साल पर रिलीज करने का ऐलान किया है. वैसे दीवाली के मौके पर रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी भी रिलीज होने वाली है. वैसे बता दें कि फिल्म का टीजर कोरोना की दूसरी लहर के आने से पहले रिलीज हुआ था, लेकिन कोविड के कारण फिर से लगे लॉकडाउन से फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाया गया था. इतना ही नहीं आपको बता दें कि गंगूबाई काठियावाड़ी में आलिया भट्ट के अलावा अजय देवगन कैमियो करते नजर आएंगे. फिल्म में अजय का काफी खास रोल होने वाला है। इसके अलावा फिल्म को भंसाली व जयंतिलाल गड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं. आपको बता दें कि आलिया भट्ट स्टारर इस फिल्म से हर किसी को खासा उम्मीदे हैं. फिल्म में आलिया के अलग तरह के रोल में दिखाई देने वाली हैं. इस फिल्म के लिए आलिया ने काफी मेहनत भी की है।

# पिंपल्स के दौरान ये गलतियां बढ़ा सकती हैं आपकी परेशानी!



मुंहासे आपके चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ देते हैं. इनसे छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के तरीके आजमाते हैं. लेकिन कभी कभी हम नए नए उपाय के चक्कर में कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जो समस्या को कम करने की बजाय बढ़ा देते हैं.

पिंपल्स की समस्या अधिकतर टीनएज पर होती है क्योंकि इस समय शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं. इसके अलावा अधिक तीखा, ऑयली और मसालेदार भोजन की वजह से भी ऐसा होता है. वहीं जिन लोगों की स्किन ऑयली होती है, उनको भी अक्सर पिंपल्स की समस्या हो जाती है. पिंपल्स चेहरे की पूरी खूबसूरती को खराब कर देते हैं. साथ ही दर्द भी करते हैं. इनसे छुटकारा पाने के लिए कई बार लोग अपने चेहरे को बार बार धोते हैं, ताकि चेहरे का एक्सट्रा ऑयल निकल जाए. लेकिन इससे समस्या कम नहीं होती, बल्कि बढ़ जाती है. जानिए कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में जो हम अंजाने में करते हैं और अपनी समस्या को कम करने की बजाय बढ़ा लेते हैं.

**पिंपल्स के दौरान न करें ये गलतियां**

**बार-बार फेस वॉश करना:** जिन लोगों को ऑयली स्किन की वजह से मुंहासे की समस्या होती है, वे अक्सर चेहरे को बार बार धोने की गलती करते हैं. लेकिन बार-बार फेस वॉश से स्किन में ऑयल ज्यादा निकलता है. चेहरे पर मौजूद एक्सट्रा ऑयल साफ करने के लिए सॉफ्ट टिश्यू या वेट फेस वाइप्स का इस्तेमाल करें.

**तकिए का कवर कई दिनों तक न बदलना:** आप सोच रहे होंगे कि तकिए का कवर न बदलने का मुंहासों से क्या संबन्ध है. लेकिन ये सच है कि अगर आप गंदा तकिया रोज इस्तेमाल करते हैं तो आपके पिंपल्स की समस्या कहीं ज्यादा बढ़ जाएगी क्योंकि स्किन व बालों से तेल निकलकर तकिए पर जम जाता है. इसकी वजह से बैक्टीरिया पनपते हैं. जब हम रोजाना उसी तकिए का इस्तेमाल करते हैं तो पिंपल्स का रिस्क बढ़ जाता है. इसलिए अपने तकिए के कवर को तीन से चार दिनों पर बदलें.

**पिंपल्स को बार-बार छूना:** अगर आप अपने पिंपल्स को बार-बार छूते हैं, नोचते हैं तो इस आदत को बदल दीजिए. इससे आपकी समस्या बढ़ जाती है। हाथों को अच्छे से धोने के बाद ही चेहरे को हाथ लगाएं. इसके अलावा पिंपल्स अगर सूख रहे हैं और उन पर पपड़ी जम रही है, तो उसे छीलें नहीं।

## फैबलुक मैगज़ीन के कवर पेज पर नजर आई काजल अग्रवाल




काजल अग्रवाल ने तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में अपना करियर पूरी तरह से एस्टब्लिश किया हुआ है। साउथ में उनकी फैन फोलोविंग काफी बड़ी है। काजल जो पिछले साल शादी के बंधन में बंधी थी अपनी शादी शुदा ज़िन्दगी को काफी एन्जॉय कर रही है और यह बात उनके सोशल मीडिया पोस्ट्स से साफ़ ज़ाहिर होती है। वह नजर आयी फैबलुक मैगजीन के कवर पेज पर। कवर पेज अपने फैंस के साथ शेयर करते हुए काजल ने लिखा, शूट फॉर फैबलुक मैगज़ीन। इस कवर पेज पर वह बेहद खूबसूरत और स्टनिंग लग रही है। उनकी सुंदरता आपको मेस्मराइस कर देगी। लाइट पर्पल गाउन में वह किसी प्रिंसेस से कम नहीं लग रही है। काजल ने साल 2004 में हिंदी फिल्म क्यों! हो गया ना से अपने करियर की शुरुआत की थी। साल 2007 में उन्होंने फिल्म लक्ष्मी कल्याणम से अपना तेलुगु डेब्यू किया और उसके बाद से अब तक उन्होंने अपने करियर में कई हिट तमिल और तेलुगु फिल्में दी है। पिछले साल 30 अक्टूबर को वह बिजनेसमैन गौतम किचलू के साथ शादी के बंधन में बंधी। वर्कफ्रंट पर, काजल के पास कई फिल्में है जो जल्द ही रिलीज़ होंगी। वह तमिल फिल्म हे सिनमिका, करुणगापियम, घोस्ती इंडियन 2, और पेरिस पेरिस में नजर आएँगी।

## वन-टू-वन

### आई. ए .एस 2021 बैच में चयनित सुनिल सीरवी का सीरवी समाज बेंगलूर पश्चिम् में फूलो का हार पहनाकर किया स्वागत



**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा**

**बेंगलूर** –भारतीय प्रशासनिक सेवा (ढ्ढस्) 2021 बेच में चयनित सीरवी समाज के गौरव सुनील का बेंगलोर स्थित सुंकदकट्टे सीरवी समाज बैंगलोर पश्चिम् कार्यकारिणी द्वारा जोरदार स्वागत संस्था के संरक्षक इन्द्र लाल सोलंकी, वैनाराम बर्फा,व अध्यक्ष रुगाराम चोयल,उपाध्यक्ष लक्ष्मणराम पंवार,सचिव हनुमान राम बर्फा, कार्यकारिणी सदस्य सत्यनारायण मुलेवा,, भँवरलाल सैंणचा,अशोक परिहार, घीसाराम सोलंकी, घीसुलाल चोयल,लक्ष्मणरामचोयल,शेषाराम सैंणचा व काफी संख्या में समाज के सदस्यों द्वारा सुनिल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा मे 243वी रेंक प्राप्त हुई सुनिलजी ने खेती के साथ साथ अपनी पढाई पर भी ध्यान केंद्रित यह लक्ष्य प्राप्त किया है।संपूर्ण जानकारी भानाराम गेहलोत द्वारा दी गई।

### वन्यजीव सप्ताह मनाया गयाः कावड़ी, मैसूर को रोटरी इंस्टीट्यूट ऑफ मैसूर द्वारा सम्मानित किया गया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मैसूरु–**.रोटरी इंस्टीट्यूट ऑफ बनूर की ओर से पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी डॉ.महेंद्र सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में मड़केरी के वन विभाग के सहयोग से वन्यजीव सप्ताह कार्यक्रम मनाया गया द्य महावतो को सम्मानित किया गया द्य कुशलनगर वन क्षेत्र में स्थित हाथी शिविर में हाथियों ने फुटबाल खेल कर मनोरंजन किया द्य कार्यक्रम में मदिकेरी संभाग के वन संरक्षण अधिकारी ए.टी.पूव्या ने कहा कि आज कल आवासीय क्षेत्रो का विस्तार हो रहा हैं द्य जिससे जंगल विलुप्त हो रहे हैं द्य जंगली जानवरों को बचाने की आवश्यकता है द्य इस दौरान उपखंड के उप वन संरक्षक नेहरू सोमवार,पी.रंजन, अधिवक्ता शंकर नारायण, टी.वासुदेव, सचिव, बन्नूर रोटरी के सचिव बी. ए.एस.बाबू, जीपी प्रसन्ना, मुरली,गोपाल उपस्थित रहे।

### ग्वालियर के छात्रों को जीवन में प्रैक्टिकल होना पड़ेगा-आशीष वैश्य



**सुरजीत राजावत**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन द्वारा खुला मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में कन्फडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के चेयरमैन आशीष वैश्य ने युवाओं से बात करते हुए उनके कैरियर एवम स्किल्स के बारे में मार्गदर्शन दिया। अतिथि वक्ता श्री वैश्य ने बताया कि ग्वालियर में बहुत सारा टैलेंट है लेकिन उसे ढूंढकर आगे लाने की हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज युवा हर क्षेत्र में विकास कर रहा है एवम ग्वालियर का नाम देश-विदेश में रोशन कर रहा है। हमारी शिक्षा नीति से हम सब वाकिफ है लेकिन हमें अपनी रुचि और पसन्दीदा क्षेत्र को प्राथमिकता बना कर कैरियर के चयन करना चाहिए। कॉलेजों के लिए छात्र सिर्फ ग्राहक बनकर रह गये है इसलिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी खुद उठानी पड़ेगी गुरूकुल का ये प्रयास निश्चित ही शहर में नई पहल है और इसके परिणाम युवाओं के हित में जल्द ही दिखने लगेंगे।संचालन शिवम सिसोदिया तथा आभार गुरूकुल के संस्थापक व अध्यक्ष आकाश बरुआ, सहसंस्थापक अविनाश जैन व हिमांशु अग्रवाल ने किया इस अवसर पर गुरूकुल के सदस्य सहित अन्य युवा श्रोता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार बाइक ने मारी व्यक्ति को टक्कर, दोनो गंभीर रूप से घायल आगरा रेफर

**तकरीबन1 घंटे तक नही पहुँची एम्बुलेंस दोनो की हालात गम्भीर**

**संजय सिंह तोमर**
**पुष्पांजली टुडे**

**खेरागढ़-–** थाना खेरागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत लोहिटा पेट्रोल पंप के पास सैया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने पैदल चल रहे व्यक्ति को पीछे से मारी टक्कर। टक्कर लगने के बाद दोनों की हालत हुई गंभीर



जिसके कारण लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई स्थानीय लोगों ने 112 पुलिस व एबुलेंस को दी लेकिन तकरीबन आधे घंटे तक पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर नही पहुँची, देर से पहुंची एम्बुलेंस व पुलिस ने दोनो व्यक्तियों को आगरा रेफर कर दिया। दोनों व्यक्तियों की पहचान राजू गुर्जर ग्राम विधोली उम्र लगभग 40 वर्ष,वहीं बाइक चालक की पहचान वीपी ठाकुर गांव भिलावली उम्र लगभग 28 वर्ष के रूप में हुई है, वीपी बाइक चालक था जो सैंया की तरफ से खेरागढ़ आरहा था।

# कच्ची शराब पर आबकारी विभाग की पुनः कार्यवाही

**दबिश के दौरान पकड़ी 46 लीटर कच्ची शराब व 1800 किलो लहन की नष्ट**

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड कलेक्टर सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में व जिला आबकारी अधिकारी अमर सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विक्रय,निर्माण परिवहन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दबोह में कच्ची शराब पर कार्यवाही की गई।इस दौरान आबकारी विभाग ने कच्ची शराब के खिलाफ कार्यवाही को अंजाम दिया है।आबकारी उपनिरीक्षक अजीत यादव ने बताया कि लगातार शिकायतों के चलते पुनः माँ रहकोला देवी मंदिर के पास व करधेन के हार में बने कंजर डेरो पर अवैध हाथ से बनी कच्ची शराब की पॉलीथिन के पाउच में बिक्री की सूचना प्राप्त हो रही थी।जिस पर मंगलवार को दोनों डेरो पर आबकारी टीम की मदद से घेराबंदी कर दबिश दी गई तो महिलाये शराब बेचते हुए पाई गई।इनके कब्जे से एवम इनकी निशादेही में डेरो से 46 लीटर कच्ची शराब जप्त की साथ ही खेत मे बने गड्ढो में मिली 1800 किलोग्राम गुड़ लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।उपनिरीक्षक अजीत यादव ने बताया कि बरामद मदिरा व गुड़ लहान की अनुमानित कीमत 99200/-रु है।उन्होंने बताया कि इस प्रकार कुल 5 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 में कायम किए गए।प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।

### 11 दिन में लगातार दूसरी आबकारी की कार्यवाही

दबोह में कच्ची शराब पर कार्यवाही के चलते आबकारी उपनिरीक्षक अजीत यादव ने बताया कि लगातार नगर में कच्ची शराब के व्यापार की सूचना पुनः मिली जिसके बाद पुनः 11 दिन बाद मंगलबार को कंजरों के डेरो पर दबिश दी गई और कार्यवाही की गई।यहां बता दें कि इससे पहले 25 सितंबर 2021 को भी आवकारी विभाग की छापामार कार्यवाही हुई थी जिसमे 15 लीटर कच्ची शराब व 500 लीटर गुड़ लहन को नष्ट किया गया था।उपनिरीक्षक अजीत यादव ने कहा कि क्षेत्र के गाँवो में भी अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री पाई जाती है तो उस पर भी मुखबिर की सूचना पर टीम बनाकर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाएगी।



### सम्पूर्ण कार्यवाही में यह रहे शामिल

अवैध कच्ची शराब के खिलाफ इस संपूर्ण कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक वृत लहार अजीत यादव,आबकारी उपनिरीक्षक आर एस तिवारी,हरेंद्र सिंह मावई,नरेंद्र कुमार प्रजापति,आरक्षक शिरोमणि सिंह, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, नगर सैनिक श्याम बिहारी राजावत व अमृत यादव की मुख्य सराहनीय भूमिका रही।

### इनका कहना

1-कच्ची शराब बनाने वाले कंजरों पर लगातार कार्यबाही जारी है,अगर सूचना मिलती है तो पुनः कार्यबाही की जायेगी।हमने इससे पहले भी कुछ ही दिन पहले कार्यवाही की थी।

**अजीत यादव**
**आबकारी उपनिरीक्षक**

# अखिल भरतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों का सह भोज के साथ हुआ सम्मान





**ग्वालियर।** कार्यकारणी के विस्तार को लेकर काफी समय से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों में इस बात को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही थी जिसको लेकर उस समय पहले गोले का मंदिर स्थित इंद्रप्रस्थ गार्डन में वरिष्ठ जनों के माध्यम से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें कुछ लोगों को नए दायित्व एवं पूर्व से जो लोग जुड़े हुए थे एवं उनकी सक्रियता बनाए रखे थे उन लोगों को नए दायित्व दिए गए थे जिस के संबंध में आज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सदस्य विपिन तोमर द्वारा होटल नारायणम मैं जिन नए सदस्यों को दायित्व दिए गए थे उनको साई भोज का कार्यक्रम कर माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया इसमें वर्तमान में जिन नए सदस्यों को दायित्व मिले उनमें से अशोक सिंह तोमर राष्ट्रीय महामंत्री, रामकुमार सिंह सिकरवार प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, छोटे सिंह भदौरिया, सतेंद्र सिंह भदौरिया युवा प्रदेश अध्यक्ष, महेन्द्र सिंह तोमर जिलाध्यक्ष ग्वालियर, चंद्रपाल सिंह राजावत ज़िला उपाध्यक्ष, सुखवीर सिंह तोमर ज़िला प्रमुख महामंत्री, रविन्द्र सिंह सेंगर ज़िला संगठन मंत्री ग्वालियर एवं अन्य लोग मौजूद रहे जिनका विपिन तो तोमर द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में ली गई शांति समिति की बैठ



**मोहन मांझी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद–** आगामी दिनों में मिलादुन्नबी, नवदुर्गा आदि त्योहारों की तैयारियों के चलते पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग द्वारा गोहद थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर के समाजसेवी सदस्यगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिसमें थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार ने त्योहारों में होने वाली परेशानियों एवं उनकी समस्या हल करने हेतु सुझाव मांगे साथ ही उन्होंने कहा त्योहारों में डीजे साउंड बैंड प्रतिबंधित रहेगा कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए ज्यादा भीड़ भाड़ ना करें वही नवदुर्गा विसर्जन के लिए बैसली डैम के नीचे पुल के पास शाम 6बजे तक का समय निर्धारित किया है लोगों को सावधानी पूर्वक तय समय तक विसर्जन करे डैम के आसपास कहीं ना जाए मिलादुन्नबी का त्योहार एवं?अन्य सभी त्योहार शांति पूर्वक मनाएं साथ ही सभी झांकियों में एक एक आरक्षक की ड्यूटी रहेगी सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित तरीके से मनाया जाए इस मौके पर थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, सीएमओ सतीश दुबे ,नायव तहसीलदार शिल्पा सिंह,डॉ अमर सिंह जाटव ,हसमत अली, साबू खान, लाखन गुर्जर,सहित लगभग दो दर्जन लोग मौजूद थे।



### खतौरा में संदिग्ध हालत में मिली युवक युवती की लाश

**संजीव शर्मा रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

शिवपुरी खबर जिले के खतौरा कस्बे से है प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खतौरा कस्बे से लगभग 3 किलोमीटर आगे बदरवास मार्ग की है आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि खतौरा के पास सड़क पर दो डेड बॉडी पड़ी है तब तत्काल थाना प्रभारी केएन शर्मा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और लाशों को अपने कब्जे में लिया! महिला व पुरुष की उम्र लगभग 22 से 25 वर्ष बताई जा रही है खबर लिखे जाने तक इनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम बा पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल का कहना है की लाशों की पहचान व पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही क्लियर हो पाएगा।

# लखीमपुर खीरी कांड के विरोध में काँग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**आंदोलनकारी किसानों की आवाज दबाने के लिए उनकी हत्या कर दी- रविन्द्र तोमर**

**भीमसेन सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह।** लखीमपुर खीरी कांड के आंदोलनकारी किसानों की आवाज दबाने के लिए उनकी हत्या कर दी विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करके पीएम मोदी का विरोध जताया। प्रियंका गांधी के हिरासत में लेने के बाद कांग्रेसियों ने नगरपालिका चौराहे पर सरकार विरोधी नारेबाजी की। कोंग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में जोरदार नारेबाजी कर कार्यकर्ताओ ने अपने गुस्से का इजहार किया और आरोपी मन्त्री , डीजीपी और डीएम को बर्खास्त करने की मांग हुई । दिमनी से कोंग्रेस विधायक रविन्द्र तोमर ने आरोप लगाया कि इस घटना ने साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार में शामिल लोग अपराधिक मानसिकता के हैं। आंदोलनकारी किसानों की आवाज दबाने के लिए उनकी हत्या कर दी। कांग्रेसियों के मुताबिक इस घटना में जब तक न्याय नहीं मिलेगा आंदोलन जारी रहेगा। किसान कोंग्रेस के नेता शेरा तोमर उसैद ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है। किसानों पर काला कानून थोपने की कोशिश हो रही है, जिसके लिए किसान लंबे समय से आंदोलनरत है । लखीमपुर खीरी में हुई घटना शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने कहा, कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है और उनके ऊपर जुर्म नहीं होने देगी। शेरा ने बताया कांग्रेस इस तरह की घटना की निंदा करती है और किसानों का दमन नही होने देगी। इस अवसर पर अन्य कोंग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।




**किसान आन्दोलन कुचलने में लगी भाजपा सरकारः** लखीमपुर खीरी कांड के बाद भाजपा की योगी मोदी सरकार पर सभी विरोधी दलों ने हमला शुरू कर दिया है। कोंग्रेस नेता देवेंद्र सखवार ने आरोप लगाया है, कि किसान आंदोलन को अब तानाशाह सरकार हिंसा की दम पर कुचलना चाहती है। केंद्र और राज्य में अघोषित इमरजेंसी लागू है। लोकतंत्र के मूल्यों को ताक पर रख दिया गया है।

**कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शनः** लखीमपुर खीरी कांड और उसके बाद प्रियंका गांधी को हिरासत में लेने से नाराज़ कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों ने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिल जाता तब तक उनके विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। साथ ही मांग रखी कि तत्काल प्रियंका गांधी को किसानों से मिलने दिया जाए। ताकि दुख की इस घड़ी में उनकी नेता किसानों के साथ खड़ी हो सके।

# श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल द्वारा 05 नबम्बर 21 को आयोजित होगा सातवां विशाल भंडारा-गुप्ता

**सातवें भंडारे को लेकर हुई ऑनलाइन बैठक**

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** विगत साथ वर्षो से लगातार धार्मिक आयोजन कर रही सामाजिक संस्था श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा आयोजित होने का रहा है।ज्ञात रहे कि लगातार 7 वर्षो से यह भंडारा श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल के द्वारा किया जा रहा है जिसमे सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां रतनगढ़ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की जाती है।यहां बता दें कि यह भंडारा हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन शाम को शुरू होता है और दौज की सुबह तक चलता है।जिसमे माँ रतनगढ़ धाम जाने वाले हजारो श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करते हैं।इस वर्ष 05 नबम्बर 2021 को कोंच रोड तिराहा दबोह में आयोजित होने वाले इस सातवें



भंडारे को लेकर रविवार को ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया जिसमें श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए।इस ऑनलाइन बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने आयोजित भण्डारे को लेकर रूप रेखा तैयार की व सभी पदाधिकारियों को अपनी अपनी जिम्मेदारी का सही से निर्वाहन करने की भी बात कही।अर्पित गुप्ता ने बताया कि वैसे तो यह भंडारा आठवां था परन्तु बीते वर्ष पूरा विश्व कोरोना जैसी महामारी की चपेट में आ गया था जिसके चलते शासन के नियमो का पालन करते हुए सातवां भंडारा स्थगित कर दिया गया था इसलिए यह सातवां भंडारा ही आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने पदाधिकारियो सहित अन्य लोगो से भी भण्डारे को सफल बनाने की अपील भी की है।इस दौरान ऑनलाइन बैठक में अर्पित गुप्ता,हिमांशु गुप्ता(बिट्टू),शशांक बुधौलिया, रोहित गुप्ता,अंकित गुप्ता,गोपाल अग्रवाल,शिवा गुप्ता,प्रतीक गुप्ता,सुधांशु मुदगल व संजय गुप्ता(परा)आदि मौजूद रहे।

# बेटियां डरकर नहीं डटकर करें पढ़ाईः डीएसपी पूनम थापा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार ख़रपुसे के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई जा रही है।महिला सेल की डीएसपी पूनम थापा ने बिटियों से कहा



कि उन्हें किसी भी असमाजिक तत्वों से डरने की जरूरत नहीं है, उन्होंने कहा कि बेटियाँ डरकर नहीं डटकर करें पढ़ाई । डीएसपी पूनम थापा ने कहा कि हाउसिंग कालोनी में दर्जनों कोचिंग सेंटर है जहां हजारों छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं, उन्हें बिल्कुल भी डरने की जरूरत नहीं है,किसी भी छात्र-छात्राओं को को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो वह तुरंत पुलिस से सम्पर्क कर सकते हैं,डीएसपी थापा ने छात्राओं से स्पष्ट रूप से कहा कि वह सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे,किसी प्रकार की समस्या हो तो बेटियाँ उन से अपनी बहिन समक्षकर मिलकर अपनी समस्या बता सकती है उनके नाम भी गुप्त रखें जाएंगे और उनकी शिकायत पर पुलिस तुरंत कार्यवाही करेगी।डीएसपी पूनम थापा ने असमाजिक तत्वों और मनचलों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी ने भी असामाजिकता का कार्य किया तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# पुर्वजों की स्मृति में गौतम परिवार ने आयोजित किया नि:शुल्क मोतियाबिंद, रक्तदान , एवं दाँतो की जांच का शिविर

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** उपचार हेतु उपस्थित सभी गणमान्य एवं सहयोगियों का आभार - तुमेश्वर टीकाराम गौतम पुर्व सरपंच बालाघाट जिले के 4 बार सांसद रहे स्व चिंतामन गौतम एवं स्व टीकाराम गौतम, स्व लीना गौतम की पुण्य स्मृति में तुमेश्वर टीकाराम गौतम एवं गौतम परिवार के सदस्य नेहल गौतम उपाध्यक्ष युवा पवार समाज लांजी एवं गौतम परिवार के द्वारा अपने गांव जिवनारा में नि:शुल्क मोतियाबिंद परिक्षण एवं आपरेशन , रक्तदान , एवं दाँतो की जांच एवं कृषि कार्य में सलाह का शिविर दिनांक 6 अक्टूबर को आयोजित किया गया। उक्त शिविर में महावीर इंटरनेशनल लांजी तथा युवा पंवार समाज संगठन लांजी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों से लोग उपस्थित हुए, तथा अपनी आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद बीमारी के बारे में जानकारी प्राप्त की । उक्त कार्यक्रम में गौतम परिवार के द्वारा सर्वप्रथम अपने पुर्वजों के छायाचित्र पर पुष्प समर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**90 मोतियाबिंद चिन्हित,15 लोगों ने किया रक्तदान:** आयोजित शिविर में विभिन्न गांवों से आए 320 लोगों ने अपनी आंखों की जांच के लिए निशुल्क पंजियन कराया तथा सभी लोगों की आंखों की जांच की गई। तदोपरांत 90 लोगों को मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया, जिनका उपचार देवजी नेत्रालय जबलपुर में निशुल्क किया जाएगा। वही आयोजित शिविर में 15 लोगों ने अपना रक्तदान कर सबसे बड़े दाता बनने की ख्याती प्राप्त की। दाताओं द्वारा किया गया रक्तदान ब्लड बैंक में जमा किया गया जिसका उपयोग जरूरतमंद के लिए किया जाएगा।





**उपचार हेतु उपस्थित सभी गणमान्य एवं सहयोगियों का आभार - तुमेश्वर टीकाराम गौतम पुर्व सरपंच:** इस शिविर के आयोजन कर्ता तुमेश्वर टीकाराम गौतम ने शिविर संपन्न होने के पश्चात उपचार हेतु उपस्थित सभी गणमान्य एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त कर कहा कि हमारे पुर्वज समाज सेवा में लगे रहे, जिनका परिणाम है कि हम भी अपनी शक्ति अनुरूप जन सेवा में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पुत्र नेहल गौतम की हार्दिक इच्छा थी कि हम अपने गांव वालों और आस पास के गांव वालों के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित करेंगे, जिसमें महावीर इंटरनेशनल लांजी एवं पंवार संगठन लांजी का सहयोग मिलेगा। और हमारा यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इसके लिए सभी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले गणमान्य का आभार है।

**स्व चिंतामन गौतम 4 बार सांसद रहे - निलचंद हरिणखेड़े पुर्व सरपंच देवलगांव:** शिविर में उपस्थित ग्राम देवलगांव के पुर्व सरपंच निलचंद हरिणखेड़े ने कहा कि जिले में जिवनारा के गौतम परिवार का नाम जनसेवा के लिए चर्चित है। जिनकी स्मृति में शिविर आयोजित हुआ वे स्व चिंतामन जी गौतम जिले में 4 बार सांसद रहे हैं। और उसी परिवार के स्व टीकाराम जी गौतम एक स्वच्छ और सामाजिक कार्यकर्ता थे। वही स्व लिना बाई गौतम ग्राम जिवनारा में सरपंच पद पर रहकर ग्राम का नेतृत्व किया था। मेरा तो कहना है कि गौतम परिवार के खुन में समाज सेवा के भाव विद्यमान है। इस समाज हित में आयोजित शिविर के लिए सभी का धन्यवाद है,इसी तरह समाज सेवा में लगे रहे।

**हमारा उद्देश्य मानव सेवा के साथ सहयोग - विशाल राउत खोंगल चैयरमेन:** महावीर इंटरनेशनल लांजी के चैयरमेन विशाल खोंगल ने कहा कि हमारा ट्रस्ट मानवता की सेवा में समर्पित हैं। निरंतर सभी के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण शिविरों का आयोजन किये जा रहे हैं और आगे भी प्रयास जारी रहेंगा। सभी क्षेत्रवासीयों से निवेदन है कि आप भी किसी की स्मृति में इस तरह शिविर आयोजित किजिए महावीर इंटरनेशनल लांजी आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहेगा।

**आगे भी जारी रहेगा समाज सेवा का कार्य- नेहल गौतम उपाध्यक्ष युवा पंवार समाज संगठन लांजी:** युवा पंवार समाज संगठन लांजी के उपाध्यक्ष एवं महावीर इंटरनेशनल लांजी के सदस्य नेहल गौतम ने कहा कि हम अपने पुर्वजों के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर समाजसेवा में अपना हित समझते हैं। आज के शिविर में आंखों की जांच तथा दांत की जांच के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें रक्तदान कर रक्तदाता सबसे बड़े दाता बनकर 15 साथियों ने जरूरतमंद के लिए रक्त उपलब्ध कराया। हम आगे भी इसी तरह से समाज सेवा का कार्य करते रहेंगे।

**इनका मिला विशेष सहयोग:** उक्त शिविर में निलचंद हरिणखेड़े,तुमेश्वर टीकाराम गौतम, नेहल गौतम, भुपेश कटरे,पंकज चौधरी, निखिल गौतम, नितिन हरिणखेड़े, नविन टेंभरे,राहुल पटले, कोमल गौतम, किर्तीमान गौतम, आदित्य गौतम, अंद्रदिप रामटेके, अरशद खान, आर्यन बागड़े, योगेन्द्र रिसिम।

## वन-टू-वन

### दुकान के अंदर थूकने को लेकर हुए विवाद मे बाप-बेटे पर तलवार से हमला

**भोपाल।** राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके मे स्थित सेमरा चौराहा पर बीती शाम पेंटर गैंग ने पंचर की दुकान चलाने वाले व्यक्ति और उसके बेटे पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि दुकानदार के बेटे की आरोपियों से दुकान के अंदर थूकने की बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान पिता-पुत्र से मामूली विवाद करने के बाद बदमाश उस समय वहॉ से चले गए थे। लेकिन शाम को आरोपी तलवार लेकर दुकान पर पहुंचे और उनपर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये है। थाना पुलिस ने बताया कि दिनेश राय पिता राजाराम राय (50) एकतापुरी कॉलोनी अशोका गार्डन में रहते हैं ओर उनकी सेमरा चौराहा पर पंचर की दुकान है। दुकान पर वे और उनका बेटा गुलशन बैठता है। बीती सुबह दोनो पिता-पुत्र दुकान पर ही बैठे थे, तभी स्टेशन बजरिया की पेंटर गैंग के बदमाश अमन, देवेंद्र, मोनू सहित आधा दर्जन लोग वहां पहुंचे। इस दौरान अमन ने दुकान से पानी लिया और वहीं मुंह धोने के साथ ही मुहॅ मे पानी भरकर थूंकने लगा। थूंक के छींटे गुलशन के शरीर पर पड़े तो उसने अमन को बाहर जाकर थूंकने के लिए कहा। इसी बात को लेकर गुलशन से अमन की मामूली कहासुनी हो गई। बहसबाजी बढ़ने पर गुलशन के पिता दिनेश राय ने उन्हे समझाईश देकर विवाद शांत करा दिया। इसके बाद आरोपी धमकाते हुए उस समय वहॉ से चले गए। इसके बाद शाम के समय बदमाश दोबारा दुकान पर पहुंचे ओर दिनेश राय को धमकाना शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर अमन ने उन पर तलवार से हमला कर दिया। पिता पर तलवार से हमला होते हुए देख गुलशन ने जब उन्हे बचाने की कोशिश की तो बदमाशो की गैंग ने उसपर भी हमला कर दिया। वारदात मे दिनेश के सिर पर तलवार लगी है, जबकि अमन के हाथ-पीठ पर तलवार मारी है। पुलिस का कहना है कि फरार बदमाशो क तलाश की जा रही है, ओर जल्द ही उन्हे दबोच लिया जायेगा।

### पीएम सडक परियोजना मे लगी बोलेरो हुई चोरी, पुलिस ने की बरामद

**भोपाल।** राजधानी की छोला थाना पुलिस ने इलाके से चोरी गयी बोलेरो को बरामद कर लिया है, हालांकि इस दौरान संदेही आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि बीती 30 सिंतबर को सागर लैंड मार्क से रात करीब 11 बजे बोलेरो नंबर एमपी04-टीबी- 5132 को अज्ञात बदमाशो ने चुरा लिया था। रिपोर्ट दर्जकर पुलिस आगे की कार्यवाही मे जुटी थी। चोरी गई वाहन प्रधानमंत्री सड़क परियोजना में शासकीय कार्य हेतु अधिग्रहित थी, जो जिला सीहोर में आवंटित थी, ओर भोपाल काम से आई थी, उसी दौरान चोरी हो गई थी। जिसका सहायक प्रबंधक के द्वारा उपयोग किया जा रहा था। पुलिस ने सूचना मिलने पर 10 लाख कीमती चोरी की बोलेरो को मालीखेड़ी से जब्त किया है। हालांकि इस दौरान संदेही दीपक राजपूत गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### रेल्वे ट्रैक पर बैठकर शराब पी रहे दंपत्ति की ट्रैन की चपेट मे आकर मौत

**भोपाल।** राजधानी के छोला मदिंद इलाके मे रेलवे ट्रैक पर बैठकर शराब पी रहे दंपती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त की है। आगे की जॉच मे जब पुलिस ने मंडला में रहने वाले वाले उसके परिवार वालो से संपर्क किया तो पता चला कि मृतक महिला उसकी पति पत्नी है। हालांकि मंडला से परिवार वालो के राजधानी आने पर ही महिला की शिनाख्त की जा सकेगी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिन थाने मे सूचना मिली कि भानपुर ब्रिज के पास रेलवे पटरी पर महिला-पुरुष की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से महिला-पुरुष के क्षत-विक्षत हालत में शव बरामद किए। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर ही शराब के पाउच पड़े थे। आसपास के लोगो ने पुलिस को बताया दोनों रेलवे पटरी पर बैठकर शराब पी रहे थे, इसी दौरान आई ट्रैन की चपेट मे आकर उनकी जान चली गई।

# आजी मॉ शक्ति पीठ पर श्रीमद भागवत कथा एवं श्रीराम दरवार की प्राण प्रतिष्ठा 8 अक्टूबर से

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**लहार ।** अमायन क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आजी मॉ शक्ति पीठ ग्राम सढ़ा (अमायन) में 108 कुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ की तृतीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं भव्य श्रीराम दरवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन आगामी 8 अक्टूबर 2021 से किया जायेगा। श्री श्री 1008 महंत जनकदास जी महाराज एवं श्री श्री 108 शान्तिदास जी महाराज के द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित कराने का संकल्प लिया गया है। जिसकी तैयारियां इन दिनों अमायन क्षेत्र में जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से बैठकों का दौर जारी है। तो वही इस धार्मिक आयोजन को लेकर अमायन क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है। बताया गया है। कि कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें माताएँ बहनों के साथ साथ क्षेत्र के अनेक धर्मप्रेमी बन्धु शामिल होंगे। इसके बाद 8 से 14 अक्टूबर तक दोपहर 12 से 4 बजे तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान प्रसिद्ध कथा वाचक इन्द्रेश जी उपाध्याय वृन्दावन धाम के श्रीमुख से भगवान की सुन्दर संगीतमय कथा श्रवण कराई जायेगी। जबकि पण्डित अजय कुमार मिश्र प्रयागराज के सान्निध्य में भव्य श्रीराम दरवार की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई जायेगी। कार्यक्रम समापन के अवसर पर 15 अक्टूबर को हवन पूजन एवं भण्डारा आयोजित किया जायेगा। श्रीमद भागवत कथा का पारीक्षित श्रीमती मुन्नी-सम्भर सोलंकी पूर्व सरपंच बनाये गये है। जबकि राम दरवार प्रतिष्ठा पारीक्षित श्रीमती ममता-कोक सिंह चौहान सरपंच लहारा बनाये गये है।



# जवाली प्रशासन गांवों के संग शिविर का किया आयोजन




**नेनाराम सिरवी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली।** निकटवर्ती जवाली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में प्रशासन गांवों के संग शिविर अभियान का उपखंड अधिकारी रविकांतसिंह की अधिकता में शुभारंभ हुआ। शिविर में ग्रामीणों को जरूरतमंद कार्यो का निस्तारण किया गया । शिविर में ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक फायदा लेने का आवाहन किया । शिविर में ग्रामीणों को 72 पट्टे वितरण किये 43 जन्म प्रमाण पत्र,68 म्यूटेशन, 136 के 52 शुद्धीकरण , 3 सीमांकन ,एक विधवा महिला कन्या पत्नी नेनाराम सीरवी को 41 वर्ष बाद खातेदारी भूमि का हक मिला । सीरवी का खातेदारी में नाम नहीं था शिविर में मारवाड़ जंक्शन विधायक खुशवीर सिंह जोजावर को अघोषित बिजली कटौती की ग्रामीणों ने शिकायत की इस पर उन्होंने सहायक अभियंता को बुलाकर निस्तारण करने को कहा गया ।इस मौके रानी प्रधान श्याम कंवर, पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा राजपुरोहित, सरपंच जुगराज जैन, उप सरपंच महेंद्रसिंह राजपुरोहित ,गजेंद्रसिंह भाटी ,मोहनसिंह भाटी, पूर्व सरपंच गणाराम चौधरी, पूर्व सरपंच हरिकृष्ण चौधरी, खोड भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पाली भाजपा जिला प्रतिनिधि मुकेश सिरवी खोड तहसीलदार आवडदान चारण ,नायब तहसीलदार सुनीता चारण, दलपतसिंह भाटी , आरआई दलाराम चौधरी, आर आई पोमाराम चौधरी ,ओमप्रकाश गुर्जर , पंचायत प्रसार अधिकारी भंवरलाल लोहार ,सहायक अभियंता विक्रमसिंह सहित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान, जवाली(पाली) में नव चयनित आईएएस डॉ. प्रकाश सीरवी का अभिनंदन

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली राजस्थान। 6 अक्टूबर 2021 निकटवर्ती जाने उपखंड क्षेत्र के ग्राम जवाली में सीरवी समाज के पाली जिले के ग्राम निप्पल के निवासी और महात्मा गाँधी अस्पताल जोधपुर (राज.) में मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत डॉ.प्रकाश सीरवी जिनका आईएएस परीक्षा 2020 में 378 वी रैंक पर चयन हुआ। गोडवाड़ क्षेत्र की श्रेष्ठ नारी शिक्षण संस्थान-श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान -जवाली(पाली) की ओर से डॉ. प्रकाश सीरवी का गर्मजोशी से हार्दिक अभिनंदन एवम आदर सत्कार किया गया। डॉ. प्रकाश जी सीरवी एवम सम्पूर्ण परिवार का विद्यापीठ की बालिकाओ द्वारा तिलक व पुष्प वर्षा से सादर आगमन कराया गया। नव चयनित आईएएस डॉ. प्रकाश सीरवी ने सर्वप्रथम माँ श्री आईजी एवं माँ श्री शारदे की प्रतिमा को माल्यार्पण और चरण वंन्दन किया।



इसके पश्चात श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान जवाली की कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष घीसाराम लचेटा, सीरवी समाज जागृति संस्था पाली-मारवाड़ के अध्यक्ष पुखराज वरपा, सचिव हीराराम गहलोत,भामाशाह एवं अध्यक्ष श्री योगमाया मंदिर उज्जैन के रामलाल सैणचा,देवली जीजीवड़ गौ-शाला के सचिव नेमीचंद परिहार,लुम्बाराम गहलोत धामली/पाली,नारायलाल सीरवी बांता रघुनाथ गढ़,फुआराम राठौड़,अध्यक्ष श्री आईजी शिक्षण संस्थान-रानी,बाबूलाल सीरवी पूर्व सरपंच ढालोप,मुकेश सीरवी खोंड द्वारा साफा वंन्दन, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर बहुमान किया गया। शिक्षा समिति के माननीय सदस्य नेनाराम,व्याख्याता (सेपटावा),मोहनलाल सीरवी वरिष्ठ अध्यापक नाडोल,मोहनलाल सीरवी वरिष्ठ अध्यापक,इटन्दरा मेड़तियान,मन्नाराम जी वरिष्ठ अध्यापक कीरवा, मांगीलाल सीरवी कीरवा, द्वारा माल्यापर्ण किया गया। संस्थान के व्यवस्थापक दिनेश वरपा , प्रधानाचार्य श्रीमती कमला सीरवी एवम विद्यालय परिवार की ओर से माल्यापर्ण द्वारा अभिनंदन किया गया। डॉ. प्रकाश सीरवी ने अपने मंचीय उद्बोधन में बालिकाओ को जीवन मे सपने देखने और उसे साकार करने के लिए दृढ़ निश्चयी होने की सीख दी।

# सायबर क्राइम ब्रांच पुलिस देश में नंबर 1




### 2 महीने में अलग-अलग राज्यों में पकड़े 12 फर्जी कॉल सेंटर

**भोपाल।** भोपाल की साइबर क्राइम ब्रांच पुलिस देश में नंबर वन है। वो देश में साइबर अपराधियों के खिलाफ सबसे ज्यादा कार्रवाई करने वाली पुलिस बन गयी है। इस टीम ने महज दो महीने में अलग-अलग राज्यों में 12 फर्जी कॉल सेंटर्स का पर्दाफाश कर 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया। देश में भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच अब तेजी से काम करने के लिए पहचानी जाने लगी है। इस टीम ने पिछले सिर्फ दो महीने में पांच राज्यों में ठगी के 12 कॉल सेंटर्स का खुलासा किया और इनमें सबसे ज्यादा 45 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया। पुलिस ने झारखंड के जामताड़ा से लेकर राजस्थान के भरतपुर, आसनसोल पश्चिम बंगाल, मेवात हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में चल रहे ठगी के काल सेंटर्स पर कार्रवाई की।

**इसलिए मिला नंबर वन का खिताब..:** पिछले 2 महीने में सायबर क्राइम पुलिस ने 225 मामले दर्ज किए। इनमें130 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 8 राज्यों में छिपे बैठे 45 शातिर साइबर ठग शामिल हैं। यह 45 शातिर आरोपी कॉल सेंटर के जरिए लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन देकर लाखों रुपए ठगते थे। पिछले 2 महीने में इतनी बड़ी कार्रवाई किसी राज्य की साइबर क्राइम पुलिस ने नहीं की है।

**क्राइम ब्रांच से अलग विंग:** भोपाल क्राइम ब्रांच से अलग कर साइबर क्राइम पुलिस नाम से नई विंग बनाई है। यह विंग सिर्फ साइबर क्राइम पर फोकस करती है। इसके लिए अलग से पुलिसकर्मियों और अफसरों की पूरी एक अलग टीम है। भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच के एडिशनल एसपी अंकित जायसवाल ने कहा पिछले कुछ महीनों में तेजी से कार्रवाई की गई। इसी का नतीजा रहा कि दूसरे राज्यों से भी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा दूसरे राज्यों में जाकर भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने ऐसे कॉल सेंटरों का खुलासा किया जहां से देशभर के लोगों को ठगा जा रहा था। कई मामले हाईटेक थे। लेकिन तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर साइबर अपराधियों को पकड़ लिया गया।

**तेजी से कार्रवाई का नतीजा:** भोपाल में इसी साल साइबर क्राइम ब्रांच की अलग टीम बनायी गयी है। 2 आईपीएस अफसरों के नेतृत्व में लगातार तेजी से कार्रवाई की जा रही है। इतने कम समय में भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच ने अपनी अलग पहचान बना ली है।

### बैतूल पुलिस की अभिनव पहल

**भोपाल।** प्रदेश में शराब बंदी की मांग उठती रहती है। शराब बंदी के लिए लठ्ठ चलाने और सख्ती जैसे बयान भी सामने आते रहे हैं। इस बीच बैतूल पुलिस ने एक अभिनव पहल शुरू की है। इसके तहत यहां महिलाएं गाने और डांस के साथ नशा मुक्ति की अलख जगा रही हैं। पुलिस के साथ अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही महिलाओं की नीली गैंग ने अब गांव-गांव जाकर गाने और डांस के जरिए लोगों को शराब छोडने् का संदेश देना शुरू किया है। नीली गैंग का यह जत्था पुलिस अधिकारियों के साथ गांवों में पहुंचने पर गाना गाकर डांस शुरू कर देता है। नाच गाना देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग जाती है। इसके बाद ग्रामीणों को पुलिस के आला अधिकारी नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हैं। साथ ही सामाजिक बुराइयों पर चर्चा भी की जाती है। गांव में चल रही अवैध गतिविधियों की भी जानकारी देते हैं। बीच-बीच में शराब छोडने् के लिए तैयार किए गए एक गाने पर नीली गैंग की महिलाएं डांस भी करती हैं।



# राजधानी की जर्जर सड़कों पर लगने लगा मरहम

**बारिश के कारण शहर की 70 प्रतिशत सड़कें जर्जर**

**भोपाल।** बारिश के कारण राजधानी की 70 प्रतिशत सड़कें जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। मुद्दा उठने के बाद तीनों निर्माण एजेंसी नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और सीपीए ने 30 सितंबर को कमिश्नर कियावत को सड़कों का डिटेल प्लान सौंप दिया था। इसके बाद कमिश्नर ने हर हाल में 15 दिन के भीतर सड़कों की तस्वीर बदलने को कहा है। रिपेयरिंग का काम 6 से 20 अक्टूबर तक चलेगा। वरना एजेंसियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके चलते पीडब्ल्यूडी ने रिपेयरिंग शुरू करा दी। पीडब्ल्यूडी ने 32 किमी जर्जर हिस्से में पेंचवर्क की शुरुआत कर दी है। कोलार और हमीदिया रोड पर फोकस है, क्योंकि इन 2 प्रमुख सड़कों से रोज 5 लाख से ज्यादा लोग गुजरते हैं। वहीं, पेंचवर्क के बाद 11 किमी कोलार रोड (रेस्ट हाउस से चिचली बैरागढ़) फिर से बनाई जाएगी। डामरीकरण के लिए टेंडर प्रोसेस भी शुरू कर दी गई है। पीडब्ल्यूडी ने कमिश्नर कवींद्र कियावत को जो प्लान सौंपा है, उसमें 445 किमी सड़क का जिक्र है। डिटेल रिपोर्ट में 445 में से 32 किमी हिस्से की रिपेयरिंग 20 अक्टूबर तक किए जाने की बात कही गई है। वहीं, अगले चरण में टेंडर प्रोसेस भी निकाला जाएगा। पीडब्ल्यूडी का सबसे ज्यादा फोकस कोलार और हमीदिया रोड पर है। सीवेज और पानी की लाइन बिछाने के लिए नगर निगम ने दोनों ही सड़कों की खुदाई कर दी है, लेकिन फिर से व्यवस्थित नहीं कराई। दूसरी ओर बारिश के कारण भी सड़कों की हालत खराब हो गई। राजधानी की दोनों प्रमुख सड़कों से डामर गायब हो गया।

# मुख्यमंत्री चौहान ने गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ पर मत्था टेककर गुरु हरगोबिंद साहिब को किया नमन

### दाता बंदी छोड़ के 400 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है शताब्दी समारोह

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर के ऐतिहासिक किले पर स्थित गुरूद्वारा दाताबंदी छोड़ पहुँचकर मत्था टेका और गुरू हरगोबिंद साहिब को नमन किया। दाताबंदी छोड़ के 400 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यहाँ पर शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। इस महोत्सव में देश-विदेश से सिक्ख श्रृद्धालु गुरुद्वारा दाताबंदी छोड़ में अरदास करने आए हैं। भारतीय संस्कृति के रक्षक और महान परोपकारी सिक्खों के छठवें गुरू हरगोबिंद सिंह साहिब को दाताबंदी छोड़ के रूप में याद किया जाता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान का राजकीय विमान से अपरान्ह में राजमाता विजयाराजे सिंधिया महाराजपुरा आगमन हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान यहाँ से सड़क मार्ग द्वारा सीधे ग्वालियर किले पर पहुँचे और गुरुद्वारा दाताबंदी छोड़ पहुँचकर शताब्दी समारोह में शामिल हुए। गुरूद्वारा दाताबंदी छोड़ पर मत्था टेकने के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान सायंकाल महाराजपुरा विमानतल पहुँचकर विमान द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर बाबा सेवा सिंह जी सहित अन्य संतजन,





सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण और संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेश हिंगणकर, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

**गुरु हरगोबिंद जी के अंगरखे की कलियों को पकड़कर बाहर आए थे 52 राजा:** गुरु हरगोबिंद साहिब को मुगल बादशाह जहांगीर ने ग्वालियर किले में कैद कर रखा था। कहा जाता है एक फकीर की सलाह पर जहांगीर ने गुरु हरगोबिंद जी को रिहा करने का हुक्म जारी किया। पर गुरु साहिब ने यह कहकर रिहा होने से इनकार कर दिया कि हमारे साथ कैद 52 निर्दोश राजा रिहा किए जाएँगे तभी हम बाहर आएँगे। इस पर जहाँगीर ने शर्त रखी कि जितने राजा गुरु हरगोविंद साहिब का दामन थाम कर बाहर आ सकेंगे वे रिहा कर दिए जाएंगे। बादशाह को लग रहा था कि 52 राजा इस तरह बाहर नहीं आ पाएंगे। पर दूरदृष्टि रखने वाले गुरु साहिब ने कैदी राजाओं को रिहा करवाने के लिए 52 कलियों का अंगरखा सिलवाया। गुरु जी ने उस अंगरखे को पहना और हर कली के छोर को 52 राजाओं ने पकड़ लिया। इस तरह सभी राजा गुरु हरगोबिंद साहिब के साथ रिहा हो गए। गुरु हरगोविंद साहिब को इसी वजह से दाता बंदी छोड़ कहा गया। गुरुजी के रिहा होने की याद में हर साल दाता बंदी छोड़ दिवस मनाया जाता है। इस साल 400 वां दिवस मनाया जा रहा है। ऐतिहासिक ग्वालियर किले पर सिक्ख समुदाय द्वारा गुरुद्वारे की स्थापना कि गई है, जो दुनियाँ भर में गुरुद्वारा दाता बंदी छोड़ के नाम से विख्यात है।

## नैनो न्यूज

### अग्ररत्न हनुमान प्रसाद पोद्दार जी की जयंती मनाई



**ग्वालियर।** गोपाल मंदिर फूलवाग परिसर में अग्रसेवा सेवा संस्थान ग्वालियर द्वारा अग्रवालों के नव-रत्न में से एक एवम गीता प्रेस गोरखपुर के संस्थापक संचालक रहे हनुमान प्रसाद पोद्दार जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, अजय जैन, एसएस अग्रवाल, अशोक गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, प्रबुद्ध गर्ग, सतीश अग्रवाल, रामरतन गर्ग, डॉ रामबाबू गोयल द्वारा पोद्दार जी के जीवन चरित्र एवम उनके द्वारा किये गए महान धार्मिक तथा सामाजिक कृत्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों महेंद्र अग्रवाल, रविशंकर अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रशांत गोयल, अरुण अग्रवाल, आरके गर्ग, रविन्द्र गर्ग, प्रदीप गर्ग, प्रेम अग्रवाल, पवन गर्ग द्वारा पोद्दार जी को फूलमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीराम गोयल द्वारा किया गया।

### डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए निगम ने चलाया फोगिंग अभियान

**ग्वालियर।** शहर में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं कीट-मच्छरों से बचाव के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देशानुसार डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए किले पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूरे किला परिसर में एवं विभिन्न वार्डों में फोगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिडकाव के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही निगम के अमले द्वारा विभिन्न स्थानों पर बडी मंशीन से डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाओं का छिडकाव किया साथ ही शहर की अन्य जगहों पर भी छिडकाव किया गया।

### श्रद्धा के साथ तर्पण कर पुरखों की विदाई

**ग्वालियर।** शहर में बुधवार को सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर लोगों ने हिंदू मान्यता के अनुसार अपने घरों में पितरों का तर्पण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा और श्रद्धा के साथ उन्हें विदा किया पुरखों की विदाई के साथ ही 17 दिन से चल रहे पितृ पक्ष का समापन भी हो गया है। बुधवार को लोगों ने तालाबों नदियों में जाकर पितरों का तर्पण किया और श्रद्धा भाव के साथ गांव में ब्राह्मणों को भोजन करा कर दान दक्षिणा दी। इस अवसर पर शहर के लक्ष्मी बाई कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हाल में निशुल्क सामूहिक तर्पण महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने पुरखों का तर्पण किया।

### बाल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 14 को

**ग्वालियर।** एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर युथ सोसाइटी एवं संरचना समिति के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन से मिली जानकारी के अनुसार इस आयोजन में 12 नवंबर को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता दीनदयाल सिटी मॉल फूड कोर्ट पर होगी ।इसी क्रम में 13 नवंबर को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं 14 नवंबर को बाल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा ।इस आयोजन में बच्चों ने किसी भी क्षेत्र में राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता व उपविजेता रहे हैं वह अपना बायोडाटा हलवा अबेकस पटेल नगर पर भेज सकते हैं।

# लिंक ओपन करते ही खाते से 99 हजार निकले

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक सिक्युरिटी गार्ड को बाइक से ज्यादा महंगा उसका ह्रष्ट (नॉन ऑबजेक्शन सार्टिफिकेट) पड़ गया है। उसने किस्त पूरी होने के बाद फाइनेंस कंपनी के कस्टमर केयर पर कॉल किया। नंबर इंटरनेट से निकाला। इसके बाद उसे एक लिंक भेजी गई। लिंक ओपन करते ही उसके खाते से 99 हजार 483 रुपए निकल गए। घटना एक दिन पहले की है। ठगी का अहसास होते ही पीड़ित सिक्युरिटी गार्ड क्राइम ब्रांच पहुंचा और मामले की शिकायत की है। पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस पता लगा रही है कि पीड़ित के खाते से निकाले गए रुपए किन खातों में ट्रांसफर हुए हैं। ग्वालियर के तानसेन नगर निवासी राजेश सिंह पुत्र मलखान सिंह तोमर एक निजी बैंक में बतौर सिक्युरिटी गार्ड तैनात हैं। एक साल पहले उन्होंने एक बाइक, बालाजी फाइनेंस कंपनी से किस्त पर खरीदी थी। एक महीने पहले उनकी बाइक की सभी किस्त पूरी हो गई। बैंक में काम करते हैं इसलिए उनको जानकारी थी कि कोई भी लोन पटाने के बाद ह्रष्ट लेना बहुत जरूरी था। पर उनके पास बालाजी फाइनेंस का कोई कॉनटेक्ट नंबर नहीं था। इस पर उन्होंने इंटरनेट



पर सर्च कर फाइनेंस कंपनी का कस्टमर केयर नंबर निकाला। इसके बाद उस नंबर पर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले ने उनकी पूरी बात सुनी और कहा कि वह अभी अपने अफसरों से बात कराते हैं और जल्द ही आपको ह्रष्ट मिल जाएगी।

**ठगों ने फाइनेंस कंपनी के ऑफिसर बनकर की बात:** कॉल रिसीव करने वाले ने उनकी समस्या के समाधान के लिए अफसरों से बात कराने का आश्वासन दिया और कुछ देर बाद कॉल आने की बात बताई। इसके कुछ देर बाद ही सिक्युरिटी गार्ड के पास कॉल आया और बात करने वाले ने खुद को क्वालिटी मैनेजर बताते हुए दो दिन में उनकी ह्रष्ट की प्रक्रिया पूरी कराने का आश्वासन दिया।

**भेजी लिंक और ओपन करते ही खाता साफ:** कॉल करने वाले ने आवश्यक कार्रवाई के लिए सिक्युरिटी गार्ड से आधार, कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य दस्तावेज मांगे, जो उन्होंने उसे उपलब्ध करा दिए। इसके बाद उसने एक लिंक भेजी और उसे ओपन करने को कहा। जैसे ही उन्होंने लिंक ओपन की उनके मोबाइल पर पैसे निकलने के मैसेज आने लगे और ठगों ने 10 मिनट में खाते में जमा 99 हजार 483 रुपए निकाल लिए।

**फिर भेजी लिंक, पर इस बार पीड़ित ने नहीं खोली:** गलती से पैसे खाते से निकलने की बात कहकर ठग ने उन्हें पैसे लौटाने को कहा

# फ्रेंड ने दो दोस्तों के साथ मिलकर महिला से किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक विवाहिता से गैंगरेप का मामला सामने आया है। दरअसल, शादी के बाद विवाहिता एक युवक के प्यार के जाल में फंस गई। बॉयफ्रेंड ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर 36 वर्षीय महिला से गैंगरेप किया। इतना ही नहीं यह भी कहा कि यदि किसी से कुछ कहा तो पति की हत्या कर देंगे। घटना 5 अक्टूबर की है।

जब पति घर पहुंचा तो महिला बदहवास हालत में पड़ी थी। पति को उसने पूरी घटना बताई। महिला अपने पति के साथ भितरवार थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर गैंगरेप, जान से मारने की धमकी और जातिगत अपमान का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। ग्वालियर के भितरवार में 36 साल की रानी (बदला हुआ नाम) अपने पति के साथ रहती है। पति मजदूरी करता है। कुछ समय पहले महिला की दोस्ती मुरैना के सिविल लाइन छोंदा निवासी बंटी से हुई थी। पति की गैर मजूदगी में बंटी का



महिला के घर आना-जाना शुरू हो गया। धीरे-धीरे बंटी ने महिला को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। फिर भागकर शादी करने और अच्छी जिंदगी का सपना दिखाकर शारीरिक संबंध भी बनाने लगा। मार्च 2021 से आरोपी झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण कर रहा था। महिला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को बंटी अपने दो दोस्त नरेश और कप्तान के साथ मेरे घर आया। इसके बाद बंटी ने मुझे नरेश और कप्तान के हवाले कर दिया। नरेश और कप्तान में मेरे साथ गैंगरेप किया। जब मैंने विरोध किया तो धमकी दी कि किसी को बताया तो तुम्हारे पति की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर देंगे।

**बॉयफ्रेंड देखता रहा, उसके दोस्त नोचते रहे शरीर:** महिला ने पुलिस को बताया है कि उसकी बंटी से पहचान थी। उसे विश्वास था कि वह उसकी मदद करेगा, लेकिन उसके दोस्त मेरे शरीर को नोचते रहे और बंटी वहां खड़ा होकर तमाशा देखता रहा। मैंने खुद को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन कोशिश बेकार गई।

**पुलिस का दावा- जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी:** इस मामले में भितरवार थाना ऋद्ध राजकुमारी परमार का कहना है कि पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत की है। मेडिकल के बाद गैंगरेप का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान हो गई है उनकी तलाश में पुलिस टीमें लगा दी हैं। जल्द आरोपी पुलिस हिरासत में होंगे।

### खदान के गड्ढे मैं भरे पानी में मिला युवक का शव

**ग्वालियर।** जिले के बिलौआ क्षेत्र में स्थित नकटा पाठा के पास गिट्टी की खदान के गड्ढे में भरे पानी में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने मृतक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि नकटा पाठा के पास यह थी कि खदान के गड्ढे में भरे पानी में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पानी से बाहर निकाला मृतक की शिनाख्त ग्राम घिरई निवासी नरेश कुशवाहा के रूप में हुई ।वह बीते रोज घर से खेत पर काम करने के लिए निकला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दोस्तो ने सस्ता ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर लगाई आठ लाख की चपत

**ग्वालियर।** शहर के महाराजपुरा क्षेत्र में रहने वाले एक युवक को उसके दोस्तों ने सस्ता ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर आठ लाख की चपत लगा दी। पुलिस ने आरापियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार विक्रमपुर निवासी वीरेंद्र पुत्र कप्तानसिंह लौधी ने पुलिस को बताया कि शिवम कटारे और पुष्पेन्द्र गौड से उनकी पहले से मित्रता थी। कुछ समय पूर्व उसने व

### शहर से दो किशोरी लापता, अपहरण का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** शहर के बहोडापुर थाने के आनंदनगर व जनकगंज थाना क्षेत्र में स्थित लालकुंवर का पुरा से दो किशोरी गायब हो गई। घरवालों की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार आनंद नगर निवासी 15 साल की किशोर 30 सितंबर से गायब है। घरवाले पांच दिन तक अपने स्तर पर तलाश करते रहे। जबकिशोरी का कुछ पता नहीं चलने पर मंगलवार की रात को उसके गायब होने की सूचना बहोड़ापुर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मां की सूचना पर किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज किया है। वहीं जनकगंज थाना क्षेत्र में स्थित लालकुंवर के पुरा से 14 साल की किशोरी 4 अक्टूबर से गायब है। दो दिन में घरवालों ने किशोर हर जगह तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार की रात को मां ने बेटी के गायब होने की सूचना जनकगंज थाना पुलिस को दी।

# पूजा करने गईं 3 किशोरी नदी में डूबीं: पूजन के दौरान तेज बहाव में बहीं, 4 घंटे बाद दो के शव मिले, तीसरी का रेस्क्यू जारी



**ग्वालियर।** दतिया में बुधबार को दर्दनाक हादसा हो गया। सिंध नदी में पूजन करने गई नहाने तीन किशोरियां तेज बहाव में बह गईं। 4 घंटे की मशक्कत के बाद दो के शव मिल गए। जबकि एक की तलाश जारी है। नदी (मामुलिया सिराने) मिट्?टी की प्रतिमा के दौरान हादसा हुआ। जब तक लोग उन्हें बचाने पहुंचते, सभी तेज बहाव में बह चुकी थीं।

उचाड़ गांव के पास सिंध नदी में तीनों किशोरियों को नदी में बहते देख वहां खड़े एक बच्चे ने शोर मचाया। आवाज सुनकर कुछ लोग दौड़े, लेकिन काफी देर हो चुकी थी। तीनों की पहचान उचाड़ गांव की रहने वाली कप्तान बघेल की बेटी संगीता (17), शिब्बू केवट की बेटी खुशबू (16) और जनबेद बघेल की बेटी वैष्णवी (17) के रूप में हुई है। वैष्णवी का रेस्क्यू अभी जा रही है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू टीम की मदद से 4 घंटे बाद दो शवों को बाहर निकाल लिया। एसपी कमल मौर्य ने बताया कि सुबह 11 बजे सूचना मिली थी कि तीन किशोरी नदी में डूब गई हैं। किशोरियों के साथ एक बच्चा भी था। उसी ने गांववालों को सूचना दी। रेस्क्यू कर संगीता और खुशबू के शव को बाहर निकाल लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया।

# नगर निगम द्वारा रोड स्वीपिंग मशीन से की जा रही है शहर की प्रमुख सड़कों की सफाई

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की सड़कों की बेहतर सफाई के लिए रोड स्वीपिंग मशीन के द्वारा रात्रि के समय शहर की विभिन्न प्रमुख सड़कों की सफाई की जा रही है। रोड सफाई कार्य की मॉनीटरिंग संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है।



अपर आयुक्त श्री संजय मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन रोड स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से निगम द्वारा शहर की सड़कों की सफाई की जा रही है। जिसमें गाड़ी नंबर 1 से बस स्टैंड से तानसेन रेसीडेंसी तिराहा सिटी सेंटर रोड, सचिन तेंदुलकर मार्ग, राजमाता तिराहा, न्यू हाई कोर्ट होते हुए सिरोल चौक से वापस। इसके साथ ही गाड़ी नंबर 2 से बस स्टैंड होते हुए तानसेन रेजिडेंसी, राजमाता तिराहा होते हुए एजी पुल, विवेकानंद चौराहा, कटोरा ताल चौक, राज पायेगा मार्ग, दाल बाजार, केआरजी कॉलेज, महावीर भवन से वापसी बस स्टैंड एवं गाड़ी नंबर 3 से बस स्टैंड से पुराना पड़ाव पुल होते हुए फूलबाग चौराहा, इंदरगंज चौराहा, ईदगाह कंपू, बेटी बचाओ चौराहा, सिंधी कॉलोनी से हेमसिंह की परेड, पुलिस पेट्रोल पंप, टक्साल स्कूल, कस्तूरबा चौराहा, मंदिर की माता से वापसी कंपू गस्त का ताजिया चौराहे से नई सड़क, हनुमान चौराहा के बाद बाजार छप्पर वाला पुल से वापसी बस स्टैंडतक सफाई कराई जा रही है।

## जन-कल्याण एवं सुराज अभियान में मुख्यमंत्री श्री चौहान अनेक योजनाओं में करेंगे हितलाभ वितरण सीएम जनसेवा और मोबाइल गवर्नेंस सेवाओं को दिया जाएगा विस्तार

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जन-कल्याण और सुराज अभियान में गुरूवार 7 अक्टूबर को मिन्टो हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीएम जनसेवा और मोबाइल गवर्नेंस सेवाओं का विस्तार करेंगे। अन्न उत्सव के पात्र हितग्राहियों को राशन वितरित करेंगे। ÷मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना%% के बाल हितग्राहियों को राशि का वितरण करेंगे। इस योजना में भोपाल, सीहोर और रायसेन के चार बाल हितग्राहियों को मंच पर स्वीकृति-पत्र देंगे और 16 बच्चों से भेंट करेंगे। कार्यक्रम में 282 नये पात्र बाल हितग्राहियों को 14 लाख 10 हजार रूपये उनके खाते में अंतरित करेंगे। अब तक प्रदेश में मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना में 1360 अनाथ बच्चों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना में कोविड महामारी से राज्य शासन के नियोजन में कार्यरत मृत शासकीय कर्मचारियों के आश्रित परिवार के सदस्यों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीएम जनसेवा और मोबाइल गवर्नेंस सेवाओं के विस्तार को सुशासन के लिये महत्वपूर्ण माना है। मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहाँ प्रदेश के नागरिकों की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए दैनंदिन की उपयोगी सेवाएँ सुगम और सरलता से उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू किया गया है। इस अधिनियम में चिन्हित सेवाएँ प्रदेश की जनता को समय-सीमा में उपलब्ध कराये जाने की गारंटी दी गई है। सुशासन और नागरिक अधिकारों को सशक्त बनाये जाने की दिशा में यह एक अभिनव प्रयास है। सुशासन की यह देश में अपने स्वरूप की प्रथम ऐतिहासिक और क्रांतिकारी पहल है। राज्य सरकार की जन-प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478